
महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

**सुविचार**

'ईश्वर' का 'दर्शन' और मित्र का 'मार्गदर्शन', दोनों ही जीवन को प्रकाशित कर देते है!

# मालवा हेराल्ड

वर्ष : 16 अंक : 243 | उज्जैन, गुरुवार 12 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

# 12 फरवरी को भोपाल में भवन विकास निगम की क्षमता संवर्धन कार्यशाला, मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक निर्माण से लोक कल्याण के विजन को सशक्त आधार देने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 फरवरी 2026 को भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के तत्वावधान में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला निर्माण क्षेत्र से जुड़े अभियंताओं एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के लगभग 2,000 अभियंता एवं तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कैलेंडर एवं परियोजना प्रबंधन पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा तथा परियोजना प्रबंधन प्रणालीङ्क2.0 डिजिटल प्रबंधन प्रणाली का प्रदर्शन एवं औपचारिक शुभारंभ होगा।

इसके साथ ही मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम एवं मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थाओं– केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया,भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई तथा स्कूल ऑफ़ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। मंत्री श्री राकेश सिंह ने बताया कि कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ क्षमता निर्माण, हरित भवन अवधारणा, आधुनिक भवन निर्माण तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण तथा निर्माण क्षेत्र में नवाचार जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सा[illegible] ही श्री वि[illegible]



सिंह तोमर द्वारा क्षमता निर्माण विषय पर विशेष व्याख्यान दिया जाएगा।

मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा विकसित परियोजना प्रबंधन प्रणाली पोर्टलङ्क2.0 एक उन्नत डिजिटल प्रबंधन प्रणाली है। इससे समस्त निर्माण कार्यों का सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं दक्ष क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रणाली में प्रत्येक परियोजना के लिए उत्तरदायीङ्कजवाबदेहङ्कसमय-सीमा प्रणाली के माध्यम से संबंधित अधिकारी, सक्षम स्वीकृतकर्ता तथा निर्धारित समय-सीमा स्पष्ट रूप से दर्ज रहती है, जिससे सतत निगरानी एवं जवाबदेही सुनिश्चित होती है। प्रक्रिया नियंत्रण द्वार प्रणाली के अंतर्गत आवश्यक कार्य, अभिलेख एवं स्वीकृतियाँ पूर्ण होने के पश्चात ही अगले चरण की अनुमति प्रदान की जाती है। मानक कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य निष्पादन से सभी परियोजनाओं में एकरूपता एवं प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित होती है, वहीं स्वचालित पत्र निर्माण सुविधा से विभागीय पत्राचार त्वरित, पारदर्शी एवं कागजरहित बनता है।

क्षमता संवर्धन कार्यशाला न केवल प्रदेश के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं दक्षता को सुदृढ़ करेगी, बल्कि अभियंताओं एवं तकनीकी अधिकारियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान, गुणवत्ता आधारित निर्माण प्रक्रिया तथा सतत विकास के सिद्धांतों से भी अवगत कराएगी। लोक निर्माण विभाग की यह पहल ÷लोक निर्माण से लोक कल्याण÷ के संकल्प को तकनीकी सुदृढ़ता, डिजिटल नवाचार और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से नई दिशा प्रदान करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डीजीसीए के नए ड्यूटी नियमों के लिए पूरी तरह तैयार इंडिगो, पायलटों को बड़ी राहत



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विमानन नियामक डीजीसीए को परिचालन व्यवस्थाओं को लेकर आश्वस्त किया है। एयरलाइन ने कहा कि नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों के पूर्ण अनुपालन के लिए सभी आवश्यक परिचालन, रोस्टरिंग और मानिटरिंग व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। पायलटों की ड्यूटी से जुड़े नए नियमों पर दी गई अस्थायी छूट 10 फरवरी को समाप्त हो गई। इसके बाद बुधवार को डीजीसीए ने विस्तृत बयान जारी कर एयरलाइन की तैयारियों की जानकारी दी। दिसंबर की शुरुआत में भारी परिचालन अव्यवस्था के चलते तीन से पांच दिसंबर के बीच इंडिगो ने 2,507 उड़ानें रद की थीं। जांच में आपरेशन्स का अत्यधिक अनुकूलन, नियामकीय तैयारी की कमी, सिस्टम साफ्टवेयर सपोर्ट में खामियां, प्रबंधन और परिचालन नियंत्रण ढांचे में कमियां पाई गई। इन कारणों से उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। इसके बाद डीजीसीए ने एयरलाइन के शीतकालीन निर्धारित उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती भी की थी और नए एफडीटीएल नियमों के लागू करने में 10 फरवरी तक का समय दिया था। डीजीसीए की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंडिगो ने बताया है कि दिया गया समय समाप्त होने के बाद वह वैधानिक प्रविधानों के पालन और नौ अक्टूबर 2025 को स्वीकृत एफडीटीएल योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। विमानन कंपनी ने कहा कि 11 फरवरी 2026 से स्वीकृत एफडीटीएल योजना के पूर्ण अनुपालन के लिए सभी जरूरी परिचालन, रोस्टरिंग और निगरानी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी दिसंबर में घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी, जो नवंबर में 63.6 प्रतिशत थी तब वह प्रतिदिन करीब 2,200 उड़ानों का संचालन करती थी।

### टिहरी महाराजा बेचेंगे अपना आलीशान बंगलाः कीमत जान रह जाएंगे हैरान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** टिहरी गढ़वाल के महाराजा मनुजेंद्र शाह दिल्ली के लुटियंस बंगला क्षेत्र में अपनी संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये में बेच रहे हैं। खबर है कि खरीदार एक लोकल बिजनेसमैन है जिसकी फूड और बेवरेज इंडस्ट्री में अच्छी पकड़ है। प्रॉपर्टी लुटियंस दिल्ली में है, जो भारत के सबसे मशहूर रियल एस्टेट ज़ोन में से एक है। इकोनॉमिक टाइम्स की की रिपोर्ट के अनुसार, डील फाइनल स्टेज में पहुंच गई है। अगर यह पूरी हो जाती है, तो यह बंगला खरीदार का दूसरा ऐसा अधिग्रहण होगा। बिजनेसमैन ने मोतीलाल नेहरू रोड पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के ऐतिहासिक घर को 1,100 करोड़ रुपये से ज़्यादा में खरीदने के लिए एक एग्रीमेंट किया था। इसका पता प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक नंबर 159 है, जिसे अभी 5, भगवान दास रोड के नाम से जाना जाता है। 3.2 एकड़ की शानदार एस्टेट टिहरी गढ़वाल परिवार की रहने वाली शाही विरासत का सबूत है। लगभग 12,950 स्क्वायर मीटर में फैला यह बंगला, लुटियंस बंगला क्षेत्र की प्राइम प्रोपर्टी की खास खुली जगहों और शानदार आवासीय संरचना है। टिहरी गढ़वाल से BJP लोकसभा सदस्य और राजसी परिवार की सदस्य माला राज्य लक्ष्मी शाह का घर है। दोनों प्रॉपर्टी की दुर्लभता, लग्ज़री और वास्तुकला महत्व के कारण ट्रॉफी एस्टेट माना जाता है। खरीदार पहले से ही दिल्ली, लुटियंस दिल्ली में रहता है। उसकी तरफ से कोई अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है, जिससे उसकी पहचान पता चल सके।

## खराब हेयरकट के बदले दो करोड़ः मॉडल ने मांगा मुआवजा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 25 लाख में निपटाओ

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** क्या एक खराब हेयरकट किसी को करोड़ों रुपये का मुआवजा दिला सकता है? इस दिलचस्प सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त और स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा नहीं, जब तक कथित नुकसान का ठोस, विश्वसनीय और प्रमाणित साक्ष्य पेश न किया जाए तब तक नहीं।



अदालत ने दो टूक कहा कि करोड़ों का हर्जाना भावनात्मक तर्कों, अनुमानों या मात्र दावों के आधार पर नहीं दिया जा सकता। इसके लिए वास्तविक क्षति का स्पष्ट और प्रमाणिक आधार होना अनिवार्य है।

न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने 34 पन्नों के फैसले में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के दो करोड़ रुपये के मुआवजे के आदेश को घटाकर 25 लाख कर दिया।

अदालत ने कहा कि इतना बड़ा दावा होने पर आयोग का दायित्व था कि वह साक्ष्यों का गंभीर परीक्षण करता और स्पष्ट करता कि वास्तविक नुकसान की गणना किस आधार पर की गई। केवल सामान्य चर्चा या फोटोकॉपी दस्तावेजों के आधार पर इतनी बड़ी राशि तय नहीं की जा सकती।

दरअसल, मामला वर्ष 2018 का है। मॉडल और मैनेजमेंट प्रोफेशनल आशना राय दिल्ली के आइटीसी मौर्य होटल के सैलून में हेयरकट के लिए गई थीं।

उनका आरोप था कि स्टाइलिस्ट ने अनुरोध से अधिक छोटे बाल काट दिए, जिससे उन्हें मानसिक आघात पहुंचा और उनके पेशेवर छवि को नुकसान हुआ। उन्होंने दावा किया कि इस घटना के कारण उन्हें माडलिंग और फिल्म उद्योग के कई बड़े असाइनमेंट गंवाने पड़े।

## 7 बीघा जमीन और 55 करोड़ की लागत... मुर्शिदाबाद में शुरू हुआ बाबरी मस्जिद का निर्माण कार्य



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बंगाल के मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बुधवार को बाबरी मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू हो गया। तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित भरतपुर के विधायक और जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने गत छह दिसंबर को इसकी नींव रखी थी।

इस मोके पर हुमायूं कबीर ने कहा कि जो लोग विरोध कर रहे हैं, मैं उनसे कहूंगा कि वे हट जाएं। बाबरी मस्जिद बनकर रहेगी। लोग अपने धर्म को मानने और मंदिर, चर्च या जो चाहें बनाने के लिए आजाद हैं। मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू कार्यक्रम की शुरुआत में कुरान का पाठ किया गया। लगभग 1200 हाफिज और मौलवी-मुफ्ती उपस्थित थे।

कबीर की नई राजनीतिक पार्टी के बेलडांगा-दो ब्लाक के उपाध्यक्ष असर शेख ने कहा कि 55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली मस्जिद में एक साथ 10,000 से अधिक लोग नमाज अदा कर सकेंगे।

## मुंबई में समुद्र में हर साल जाता है 5 मिलियन किलो प्लास्टिक, इसे रोकने के लिए लगेगा खास बैरियर



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मुंबई में समुद्र में जाने वाले प्लास्टिक कचरे को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। नीदरलैंड की गैर-लाभकारी संस्था द ओशन क्लीनअप ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलकर मालाड और ट्रॉम्बे के जलमार्गों पर खास बैरियर लगाने की योजना बनाई है। इन बैरियर का उद्देश्य समुद्र में जाने से पहले प्लास्टिक कचरे को रोकना है। संस्था के मुताबिक, इन दोनों जगहों से हर साल 61 से 92 टन तक प्लास्टिक कचरा रोका जा सकेगा। यह तकनीक 2026 में तैनात की जाएगी। रिसर्च के अनुसार, भारत के तटीय इलाकों में मिलने वाले समुद्री कचरे का 80 प्रतिशत हिस्सा प्लास्टिक का है। इस परियोजना को चरणों में लागू किया जाएगा और इसकी शुरुआत मानसून से पहले की जाएगी।

## 24 बार मेडिकल जांच, पूरी तरह तंदुरुस्त सोनम वांगचुक की रिहाई पर केंद्र ने SC में दिया जवाब

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत के बाद से उन्हें 24 बार चिकित्सा जांच से गुजारा गया है और वह स्वस्थ, तंदुरुस्त और खुशहाल हैं और उनकी स्थिति में कुछ भी चिंताजनक नहीं है। वांगचुक की हिरासत आदेश के आधार अभी भी बने हुए हैं और स्वास्थ्य के आधार पर उन्हें रिहा करना संभव नहीं होगा।



केंद्र की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायाधीशों अरवींद कुमार और पीबी वराले की पीठ को बुधवार को बताया, हमने उनकी स्वास्थ्य की जांच 24 बार की है। वह स्वस्थ, तंदुरुस्त और खुशहाल हैं। उन्हें कुछ पाचन संबंधी समस्या थी, जिसका इलाज चल रहा है। कुछ भी चिंताजनक नहीं है।

हम इस तरह के अपवाद नहीं बना सकते। मेहता ने पीठ को बताया, जिस आधार पर हिरासत आदेश पारित किया गया था, वह बरकरार है। स्वास्थ्य के आधार पर उन्हें रिहा करना संभव नहीं होगा। हमने इस पर पूरी गंभीरता से विचार किया है। अतिरिक्त सालिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि वांगचुक हिंसक प्रदर्शनों में मुख्य उकसाने वाले थे और उन्होंने नेपाल में हिंसक आंदोलन का उल्लेख किया और कहा कि ऐसा ही कुछ भारत में भी हो सकता है।

नटराज ने कहा, वह कहते हैं कि लद्दाख में सशस्त्र बलों की तैनाती दुर्भाग्यपूर्ण है। वह कहते हैं कि युवा मानते हैं कि शांतिपूर्ण तरीके प्रभावी नहीं रहे।

पीठ ने फिर कहा, वह कह रहे हैं कि युवा ऐसा कह रहे हैं। वह कह रहे हैं कि यह कुछ चिंताजनक है। यदि कोई यह व्यक्त करता है कि हिंसक तरीका सही नहीं है। आप इस बारे में बहुत ज्यादा सोच रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय वांगचुक की पत्नी गीता अंजमो द्वारा दायर एक हैबियस कार्पस याचिका की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उनके राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), 1980 के तहत हिरासत को अवैध घोषित करने की मांग की गई थी। एनएसए, केंद्र और राज्यों को व्यक्तियों को इस आधार पर हिरासत में लेने का अधिकार देता है कि वे भारत की रक्षा के लिए हानिकारक तरीके से कार्य नहीं करें।

## आपरेशन सिंदूर का हीरो था राफेल, बोले वायुसेना उप प्रमुख नागेश कपूर



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल निश्चित रूप से अन्य नायकों के बीच एक नायक था। राफेल का प्रदर्शन चर्चा का विषय है। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना 27 फरवरी को राजस्थान के पोखरण में वायु शक्ति अभ्यास आयोजित करेगी।इसमें वायु सेना की ताकत का पूरा प्रदर्शन होगा और आपरेशन सिंदूर की झलकियां भी दिखाई जाएंगी।

राफेल ऑपरेशन सिंदूर का नायक रहा- इस अभ्यास में 120 से अधिक रक्षा संपत्तियों का प्रदर्शन होगा, जिसमें लड़ाकू विमान, विमान और हेलीकाप्टर शामिल हैं।

वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने दिल्ली में बुधवार को मीडिया को बताया, हम सटीक लक्ष्यीकरण की झलकियां देखने जा रहे हैं। एक लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा, विमान हथियार गिराएंगे और लक्ष्य को भेदा जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया, चूंकि लोग लक्ष्यों के करीब बैठे होंगे, हम ब्रह्मोस या अन्य लंबी दूरी के मिसाइलों का उपयोग नहीं करेंगे जैसा कि हमने आपरेशन सिंदूर के दौरान किया था। लेकिन जमीन पर प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। पहली बार दो नए हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा और स्वदेशी हथियारों की संख्या अधिक होगी।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील में रातोंरात हुए बड़े बदलाव, नई फैक्ट शीट की जारी; ट्रंप ने मानी भारत की शर्त

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर जो सहमति बनी है उसमें अमेरिका से दाल आयात करने की कोई बात नहीं है। यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाईट हाउस की तरफ से मंगलवार को देर शाम ट्रेड डील पर जारी संशोधित संक्षिप्त ब्यौरे (फैक्ट शीट्स) से साफ होती है।



एक दिन पहले व्हाईट हाउस ने जो फैक्ट शीट्स जारी किया था उसमें दाल का जिक्र था। नये ब्यौरे में यह नहीं है। इसी तरह से पहले व्हाईट हाउस की तरफ से यह दावा किया गया था कि, भारत अमेरिका से अगले पांच वर्षों में 500 अरब डॉलर के उत्पादों की खरीद करने को प्रतिबद्ध है, लेकिन अब यह कहा गया है कि भारत खरीदने का इरादा रखता है यानी कोई बाध्यता नहीं है।

विपक्ष ने किया था हंगामा - ध्यान रहे कि एक दिन पहले जारी फैक्टशीट को लेकर विपक्ष की ओर से सरकार पर हमला किया था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ट्रंप प्रशासन ने जिस तरह से फैक्ट शीट्स को लेकर अपनी भाषा को नरम किया है वह बताता है कि वाशिंगटन इस समझौते को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दों पर अधिक सतर्कता से पेश कर रहा है।

पहले के ब्यौरे में कुछ दालों का उल्लेख था। संशोधित फैक्टशीट में इनका जिक्र पूरी तरह हटा दिया गया है। इसके ठीक एक दिन पहले भारत सरकार की तरफ से कहा गया था कि भारतीय कृषि व किसानों के लिए संवेदनशील किसी भी तरह के अनाजों का आयात नहीं खोला जा रहा है जबकि दालें भारत में संवेदनशील कृषि उत्पाद हैं और इन पर टैरिफ में बदलाव घरेलू बाजार पर असर डाल सकता था।

इसी तरह से 500 अरब डॉलर के अमेरिकी उत्पाद जैसे ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, कोयला आदि की खरीद में भारत की इच्छा पर जोर देने संबंधी जो बदलाव किया गया है वह ट्रंप प्रशासन के लचीले रुख को दर्शाता है। एक अन्य बड़ा संशोधन डिजिटल सेवाओं पर टैक्स से जुड़ा है।

दोनों देशों के बीच होगी बातचीत- पहले कहा गया था कि भारत अपना डिजिटल सर्विसेज टैक्स हटा देगा। संशोधित संस्करण में यह दावा हटा दिया गया है और अब केवल इतना कहा गया है कि दोनों देश डिजिटल व्यापार नियमों पर मजबूत द्विपक्षीय बातचीत करेंगे, जिसमें भेदभावपूर्ण प्रथाओं और बाधाओं को दूर करने पर जोर है।



# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कदम - जिले के ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर सुरक्षा उपाय तेज

**कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक संपन्न**



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर त्वरित सुधार कार्य प्रभावी रूप से किए जा रहे हैं। चिन्हित स्थानों पर अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार की सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

ब्लैक स्पॉट पर सभी जरूरी कार्य कर उन्हें सुरक्षित बनाए जाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में एडीएम श्री रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आकाश सिंह, एडिशनल एसपी श्री रूपेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। समीक्षा में सामने आया कि जिले में कुछ नए ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हुए हैं, जबकि कई स्थानों पर सुधार कार्य होने से स्थिति बेहतर भी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग कर ऐसे स्थानों पर सुधार कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं।

बैठक में बताया गया कि ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटना रोकने के लिए तत्काल अस्थायी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग, डिवाइडर निर्माण तथा अंधे मोड़ों पर विशेष संकेतक लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को लेकर संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी अस्थायी सुरक्षा उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जैसे ही किसी स्थान पर ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिलती है, वहां तत्काल टीम भेजकर पहले अस्थायी सुरक्षा उपाय लागू किए जाये, उसके बाद जल्द ही स्थायी समाधान की दिशा में कार्य शुरू किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, सुधार और निगरानी की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

## एमआर-10 जक्शन और रालामंडल ओवरब्रिज निर्माण कार्य की कलेक्टर श्री वर्मा ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एमआर-10 जक्शन पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने रालामंडल ओवरब्रिज का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि ओवरब्रिज की एक भुजा पर आवागमन प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही दूसरी भुजा पर भी यातायात शुरू कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण कर आम जनता को जल्द से जल्द सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## अग्निवीर महिला सेना भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अग्निवीर महिला सेना भर्ती वर्ष 2025-26 की प्रक्रिया के अंतर्गत भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड, जिंझहारी, कटनी (मध्य प्रदेश) में किया जाएगा। इस भर्ती रैली में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य की वे महिला उम्मीदवार भाग ले सकेंगी, जिन्होंने अग्निवीर ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। पात्र अभ्यर्थियों को रैली प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर प्रेषित कर दिए गए हैं। साथ ही प्रवेश पत्र इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध हैं। सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवार प्रवेश पत्र में उल्लिखित तिथि एवं समयानुसार उपस्थित हों। उम्मीदवार अपने साथ सभी मूल दस्तावेज एवं उनकी आवश्यक प्रतियां तथा 30 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से लेकर आएं। निर्धारित समय पर उपस्थित न होने अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया से वंचित किया जा सकता है।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग इन्दौर द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार एवं जिला स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 14 फरवरी से प्रारंभ होगा। यह आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे से ग्रामीण हाट बाजार ढक्कनवाला कुआं इन्दौर में किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए उप संचालक उद्यान ने बताया कि इस दो दिवसीय सेमीनार एवं प्रदर्शनी में वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं विषय-विशेषज्ञों द्वारा उद्यानिकी फसलों में उन्नत पुष्प खेती, मशरूम उत्पादन, उद्यानिकी फसलों की मार्केटिंग एवं निर्यात (एक्सपोर्ट) तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

## ऑर्बिट मॉल के पास बीयर की बोतल से हमला, युवक की मौत

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना विजय नगर क्षेत्र अंतर्गत ऑर्बिट मॉल के पास 10 फरवरी 2026 की देर रात करीब 11 बजे हुई मारपीट की गंभीर घटना में घायल गोलू चंद्रवंशी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मामले की सूचना मिलते ही थाना विजयनगर में अपराध क्रमांक 128/2026 धारा 109(1), 115(2), 296(ए), 3(5), 351(3) तथा इजाफा 103 बीएनएस 2023 के तहत प्रकरण दर्ज कर त्वरित विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन-02 नगरीय इंदौर प्रभारी श्री कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजय नगर श्री पराग सैनी के निर्देशन में थाना प्रभारी चन्द्रकांत पटेल और उनकी टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, चश्मदीद साक्षियों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान कर रिकॉर्ड समय में घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से बचने के प्रयास में आरोपी भागते हुए नाले में कूद गए, जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस द्वारा नियमानुसार उनका उपचार कराया जा रहा है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि मामूली विवाद, जिसमें एक-दूसरे से कंधा टकराने के बाद कहासुनी हुई, ने मारपीट का रूप ले लिया और बीयर की बोतल से हमला किया गया। पुलिस ने इस मामले में अखिलेश पिता प्रकाश वासरे उम्र 22 वर्ष निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर इंदौर, अमोघ एमए रैदास पिता मोहन प्रसाद रैदास उम्र 21 वर्ष निवासी विराट नगर मूसाखेड़ी, आकाश कदम पिता जितेंद्र कदम उम्र 31 वर्ष निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर इंदौर तथा वरुण श्रीनिवास पिता राकेश श्रीवास उम्र 21 वर्ष निवासी मयूर नगर मूसाखेड़ी इंदौर को गिरफ्तार किया है।

# निर्माण कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता पर रखा जाए विशेष ध्यानः कलेक्टर

**कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्माण एजेंसियों की ली समीक्षा बैठक**



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन एवं विकास उन्मुख दृष्टिकोण के अनुरूप इंदौर जिले में संचालित विभिन्न अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में तथा उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में निर्माण एजेंसियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, बाधाओं एवं समाधान संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों, ओव्हर ब्रिज, शहरी एवं ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों सहित अन्य विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सीधे आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ी होती है, इसलिए प्रत्येक एजेंसी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम श्री रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आकाश सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले की सभी वृहद विकास परियोजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। जिन परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की बाधा सामने आती है जैसे भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण, तकनीकी स्वीकृति, डिजाइन संबंधी समस्याएं या अन्य प्रशासनिक अड़चनें उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि विकास कार्यों की गति बाधित न हो।

बैठक के दौरान जिले के कुछ स्थानों पर अतिक्रमण एवं भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं के संबंध में कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व, नगर निगम एवं संबंधित विभागों के समन्वय से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित प्रकरणों में विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा के दौरान ग्रीन फील्ड परियोजना से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में संबंधित एजेंसियों द्वारा जानकारी दी गई कि प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद अब कार्यों में तेजी आने की संभावना है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित किया कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य चरणबद्ध रूप से तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी निर्देश दिए कि सभी निर्माण एजेंसियां कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें। आम नागरिकों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुरक्षा संकेतक, बैरिकेडिंग, लाइटिंग एवं अन्य सुरक्षा उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों की नियमित फील्ड मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की प्रगति की वास्तविक समय पर समीक्षा की जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में संचालित सभी विकास कार्य तेज गति से पूर्ण हों, गुणवत्तापूर्ण हों तथा नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों पर समान रूप से फोकस रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं परियोजनाओं से जुड़े तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

# जोन-2 पुलिस का विशेष अभियान जारी, असामाजिक तत्वों और नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस आयुक्त नगर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेन्द्र सिंह के निर्देशन में जोन-2 पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराधों पर अंकुश लगाना तथा नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

अभियान के तहत जोन-2 क्षेत्रांतर्गत समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं निगरानी बदमाशों की गतिविधियों पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही त्वरित एवं निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया, जिससे आमजन में विश्वास एवं असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण निर्मित हुआ।

विशेष अभियान के अंतर्गत जोन-2 क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। गुंडा चेकिंग के 33, चाकूबाज चेकिंग के 19 तथा निगरानी बदमाशों की 27 चेकिंग की गई। 28 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर पूछताछ की गई, जिनमें से 10 पर वैधानिक कार्रवाई की गई। 42 हॉटस्पॉट क्षेत्रों, 28 शैडो एरिया तथा 23 बिल्डिंग एवं मल्टी की सघन चेकिंग की गई। इसके अलावा एक स्थायी वारंट एवं 16 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए।

सड़क सुरक्षा एवं सार्वजनिक अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए भी सख्त कार्रवाई की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 38 चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उनके वाहन जब्त किए गए। बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 4 वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

# ट्रांसजेंडर मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर इनामी राशि बढ़ायी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं धारा-18 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 में फरार आरोपी अक्षय कुमायुं निवासी इन्दौर की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) नगरीय पुलिस श्री अमित सिंह ने 20 हजार रुपये का नगद इनाम घोषित किया है। सूचनाकर्ता की पहचान, उसकी इच्छा अनुसार, पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। एक से अधिक सूचनाकर्ता अथवा पुलिस अधिकारी/कर्मचारी होने की स्थिति में उद्घोषित पुरस्कार के वितरण संबंधी अंतिम निर्णय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) नगरीय पुलिस इन्दौर का मान्य होगा।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) नगरीय पुलिस श्री अमित सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरणों में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हरसंभव प्रयास किए जाने के बावजूद आरोपी घटना दिनांक से निरंतर फरार है। आज दिनांक तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पूर्व में 18 अक्टूबर 2025 को 10 हजार रुपये इनाम की घोषणा की गई थी। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस रेग्युलेशन के अंतर्गत कोई व्यक्ति या पुलिस अधिकारी/कर्मचारी थाना पंढरीनाथ पर पंजीबद्ध उपरोक्त प्रकरणों में फरार आरोपी अक्षय कुमायुं निवासी इन्दौर की पतारसी/गिरफ्तारी हेतु सूचना देगा अथवा गिरफ्तारी करेगा/करवाएगा, उसे रुपये 20 हजार रुपये नगद इनाम प्रदान किया जाएगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्ष और समर्पण से भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी - श्रवण सिंह चावड़ा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपने पितृपुरुष एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संघर्ष, समर्पण और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा ही आज भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने का आधार बनी है। उन्होंने कहा कि उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलते हुए भाजपा सरकारें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चावड़ा ने पार्टी की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ ने मात्र दो सीटों से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी, लेकिन कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, विचारों की शक्ति और जनसमर्थन के बल पर आज भाजपा अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि देशभर में संचालित भाजपा सरकारें जनसंघ के संघर्षशील विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान आजीवन सहयोग निधि अभियान का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा राऊ के अध्यक्ष सुरेन्द्र मंडले, घनश्याम नारोलिया, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पप्पी विजय पाटीदार, पूर्व अध्यक्ष शिवनारायण डिंगू, वरिष्ठ नेता माखन मंडले, किरण सूर्यवंशी सहित नगर परिषद के सभी भाजपा पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने किया स्मरण, नगर के 2077 बूथों पर मनाया गया समर्पण दिवस



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहरभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा नेताओं ने बापट चौराहा और भवरकुंआ स्थित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया। नगर के 2077 बूथों पर समर्पण दिवस मनाया गया।

बापट चौराहे पर स्थित प्रतिमा पर विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, राजेंद्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, सुधीर कोल्हे, कैलाश पिपले, सुरेश कुरवाडे, गोविंद पंवार, भूपेंद्र केसरी, मनोज मिश्रा, राजा कोठारी, राजू चौहान, पृथ्वी गोरे, पंडित महेश जोशी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं भवरकुंआ स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में स्थापित प्रतिमा पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, विजय मालानी, अनंत पंवार, घनश्याम शेर, भारत पारख, सचिन बंसल, मदन प्रजापत, नागेश पंवार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता और अनुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया।

## बाणगंगा में धोखाधड़ी की शिकायत के बाद युवती ने चौकी के बाहर जहरीला पदार्थ सेवन किया

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिनांक 10 फरवरी 2026 को तनीषा पिता निर्मल जगताप, उम्र 22 वर्ष, निवासी 30 पेनजान कॉलोनी, वृंदावन सब्जी मंडी इंदौर सहित अन्य आठ व्यक्तियों ने थाना बाणगंगा में आवेदन प्रस्तुत कर कॉलोनी नाईजर मनीष दारकुंडे के विरुद्ध अवैध कॉलोनी के माध्यम से धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा 11 फरवरी 2026 को आवेदिका एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के कथन लिए गए। पुलिस ने उन्हें आश्वस्त किया कि मामले की विस्तृत जांच कर दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है तथा दोषियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी बीच आवेदिका ने चौकी भागीरथपुरा के बाहर हंगामा किया और कथित रूप से अपनी जेब से अज्ञात जहरीला पदार्थ निकालकर सेवन कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए युवती को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकीय देखरेख में वर्तमान में उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

# बार-बार बदला छोटा उदयपुर- धार रेल परियोजना का अलाइनमेंट, 60 किलोमीटर का काम शेष

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार और झाबुआ जिले व गुजरात दाहोद के आदिवासी इलाकों के लिए महत्वपूर्ण छोटा उदयपुर रेलवे परियोजना का अलाइनमेंट बार-बार बदला जा चुका है। इस कारण अभी तक इस परियोजना का फायदा आदिवासी अंचल को नहीं मिल पाया है, जबकि तिरला से टांडा व अलीराजपुर में 60 किलोमीटर से भी कम लंबाई का काम शेष है। वन विभाग की जमीन भी अभी तक रेलवे को नहीं मिल पाई है। यदि सिंहस्थ से पहले यह परियोजना पूरी होती है तो गुजरात व महाराष्ट्र के यात्रियों को इसका फायदा मिल सकता है।

धार के समीप तिरला में इंदौर-दाहोद और धार-छोटा उदयपुर रेल परियोजना आकर मिलेगी। भविष्य में तिरला रेलवे के नक्शे पर बड़ा जंक्शन बनेगा। शिलान्यास के समय छोटा उदयपुर-धार रेल लाइन प्रोजेक्ट की लंबाई 157 किलोमीटर थी, जो नए अलाइनमेंट के बाद 145 किमी रह गई है। यह प्रोजेक्ट इंदौर के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यह लाइन इंदौर को धार, छोटा उदयपुर होते हुए वडोदरा तक शॉर्ट कट कनेक्टिविटी देगी।

अभी इंदौर से वडोदरा जाने के लिए उज्जैन-रतलाम-दाहोद-गोधरा होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। छोटा उदयपुर के जरिए मुंबई-गुजरात से सीधे इंदौर का जुड़ाव होगा। वडोदरा की दूरी अभी इंदौर से 430 किमी है, लेकिन धार और छोटा उदयपुर के नए मार्ग से यह सिर्फ 310 किमी रह जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह रूट तैयार होने पर वडोदरा-इंदौर जैसे महत्वपूर्ण कॉरिडोर में यात्रा समय कम होगा और माल परिवहन भी तेज होगा।

# 1 करोड़ की लहसुन चिप्स गबन कांड में दो माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं, व्यापारी ने पुलिस कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

### कहा आरोपी रसूखदार, मुझे ही बार-बार बुलाकर किया जा रहा परेशान

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलियामंडी के एक व्यापारी के साथ करीब एक करोड रुपये की धोखाधड़ी एवं अमानत में खयानत के मामले में दो माह बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आरोपी को पकड़ने के बजाय उन्हें ही बार-बार थाने बुलाकर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। फरियादी सुनील पिता मोहनलाल जैन, निवासी महात्मा गांधी मार्ग, पिपलियामंडी ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद अब तक उन्हें छह बार यशोधर्मन नगर थाने पर बयान देने के लिए बुलाया गया है। जबकि वे पहले ही विस्तृत बयान दे चुके हैं और केस की कायमी भी हो चुकी है। उनका आरोप है कि आरोपी प्रभावशाली और रसूखदार होने के कारण पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से बच रही है। सुनील जैन ने बताया कि आरोपी नीमच में खुलेआम व्यापार कर रहा है और सामान्य रूप से घूम रहा है, लेकिन गिरफ्तारी की दिशा में ठोस कदम नजर नहीं आ रहे। उन्होंने इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक मंदसौर के समक्ष भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

वर्ष 2019 से जमा था माल - प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनील जैन अपने भाई दिलीप जैन के साथ लहसुन चिप्स का कमीशन एजेंट के रूप में व्यापार करते हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने अपना माल भंडारण के लिए नाकोड़ा कोल्ड स्टोरेज एंड आइस प्लांट, औद्योगिक क्षेत्र जग्गाखेड़ी, मंदसौर में रखा था। उक्त कोल्ड स्टोरेज के संचालक संदीप पिता रमेशचंद्र चौधरी (जैन), निवासी 197, जवाहर नगर, नीमच हैं। रिपोर्ट के अनुसार 13 जनवरी 2019 से 3 मई 2019 के बीच विभिन्न तिथियों पर कुल 2893 बैग लहसुन चिप्स रसीद क्रमांक 2110, 2263, 2248, 2246, 2244 एवं 1219 के माध्यम से जमा किए गए थे। इसके अलावा 20 जून 2019 को 319 बैग तथा 20 जून 2021 को 318 बैग और जमा किए गए। इन अतिरिक्त बैगों की पक्की रसीद नहीं दी गई, बल्कि कच्ची रसीद देकर आश्वासन दिया गया कि रसीद बुक छपने के बाद पक्की रसीद उपलब्ध करा दी जाएगी। 16 नवम्बर 2020 को 23 बैग वापस प्राप्त किए गए। इस प्रकार कुल 3507 बैग लहसुन चिप्स अमानत माल के रूप में कोल्ड स्टोरेज में जमा थे।

110 रुपये किलो में हुआ था सौदा - फरियादी के अनुसार 24 फरवरी 2025 को उक्त लहसुन चिप्स का सौदा जय दुर्गा माँ ट्रेडर्स, पिपलियामंडी के साथ 110 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से किया गया था। अनुबंध के अनुसार अगस्त 2025 तक माल की डिलीवरी देना तय था। डिलीवरी की तिथि नजदीक आने पर जब कोल्ड स्टोरेज संचालक से संपर्क किया गया तो वह बार-बार ÷दो-चार दिन में माल देने÷ का आश्वासन देता रहा। लगातार टालमटोल से शंका होने पर जब सुनील जैन स्वयं जग्गाखेड़ी स्थित कोल्ड स्टोरेज पहुंचे तो परिसर खाली मिला।

स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि संचालक पूरा माल उठाकर कोल्ड स्टोरेज बंद कर चला गया है। बाद में नीमच जाकर संपर्क करने पर भी आरोपी ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और न ही माल लौटाया। पीड़ित व्यापारी के अनुसार लगभग 3507 बैग लहसुन चिप्स, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। पुलिस ने मामले में जांच के बाद सुनील जैन एवं उनके भाई दिलीप जैन के कथन दर्ज किए। प्रारंभिक जांच में आरोपी संदीप चौधरी के विरुद्ध 4 नवम्बर 2025 को धारा 316(2) बीएनएस के अंतर्गत संज्ञेय अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसके बावजूद अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यापारिक वर्ग में भी नाराजगी व्याप्त है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो भंडारण और व्यापार व्यवस्था पर विश्वास डगमगा सकता है। मामले में अब सबकी नजर पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी है। पीड़ित व्यापारी ने जल्द गिरफ्तारी और माल अथवा राशि की वसूली की मांग की है, ताकि उसे आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके।

टीआई ने कहा, गिरफ्तारी के प्रयास जारी - पुलिस थाना यशोधर्मन नगर टीआई शिवांशु मालवीय ने बताया कि प्रकरण दर्ज है और विवेचना जारी है। फरियादी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## विमुक्त, घुमन्तु अर्धघुमन्तु समुदाय का सर्वेक्षण प्रारम्भ

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा विमुक्त, घुमन्तु अर्धघुमन्तु समुदाय का सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिसमे जिले के 25 सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा 5 विकासखंड मे घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में घुमन्तु, अर्द्ध घुमन्तुं समाज का सर्वेक्षण मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मंदसौर जिले में 25 सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा अपने-अपने सेक्टर में घर-घर जाकर उपरोक्त सर्वे किया जा रहा है। जिसमें शासन की योजनाओं की जानकारी के साथ ही सामान्य जानकारी परिवार से ली जा रही है। जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी ने बताया की घुमन्तु,अर्द्ध घुमन्तुं समुदाय का सर्वेक्षण कार्य से समाज का वास्तविक डाटा प्राप्त हो सकेगा। शासन इस आधार पर योजनाओं का निर्माण कर सकता है। विमुक्त, धुमन्तु समुदाय के वोटर कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आई डी, पेन कार्ड, आदि पहचान संबंधी दस्तावेज बनने मे भी आसानी होगी। साथ ही घुमन्तु अर्द्ध घुमन्तु समाज को मुख्य धारा से जोड़ने में म.प्र. सरकार संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। शासन की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्ग को मिलना चाहिए। घुमन्तु अर्द्ध घुमन्तु समाज के समस्त जनप्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मचारी वर्ग से अपील है की उपरोक्त सर्वे मे सहयोग प्रदान करे।

## नीमच-नसीराबाद हाईवे पर भीषण हादसा, ट्रेलर और कार की टक्कर में तीन महिलाएं घायल



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के पास नीमच-नसीराबाद हाईवे स्थित जैतपुरा फंटा पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रेलर और कार के बीच जोरदार टक्कर में कार सवार तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा नीमच सिटी थाना क्षेत्र में हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम कार जैतपुरा फंटे के पास से गुजर रही थी, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि कार में सवार तीनों महिलाएं जावद क्षेत्र की निवासी हैं। टक्कर के बाद वे कार में ही फंस गई थीं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को तत्काल नीमच के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही नीमच सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। पुलिस ने ट्रेलर और क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नीमच में आगामी 29 अप्रेल को होगा भव्य सनातन सामूहिक विवाह सम्मेलन

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इस सनातन सामूहिक विवाह सम्मेलन के मुख्य आयोजक श्री रानी सती दादी मंदिर ट्रस्ट नीमच, सह आयोजक अन्नपूर्णा सेवा न्यास नीमच एवं सहआयोजक नानीबाई मायरा उत्सव समिति नीमच के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29 अप्रैल 2026 को नीमच में एक भव्य सनातन सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों की बेटियों को समान रूप से सम्मिलित किया जाएगा। आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा तथा प्रत्येक कन्या को लगभग ?50,000/- तक का कन्यादान व घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

अन्नपूर्णा सेवा न्यास के संयोजक एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश पप्पू जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, सनातन संस्कारों एवं बेटियों के सम्मान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आर्थिक रूप से सामान्य परिवारों को बड़ा संबल मिलता है।

इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में केवल नीमच जिले की कन्याएं को प्राथमिकता होंगी। इच्छुक परिवार अन्नपूर्णा सेवा न्यास कार्यालय, नीमच पर अपना पंजीय( )न करवा सकते हैं।

इस अवसर पर श्री रानी सती दादी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कैलाश जी धानुका श्री सुनील धानुका अन्नपूर्णा सेवा न्यास के श्रीराम गोडबोले एवं श्री प्रकाश मंडवारिया नानीबाई मायरा उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री विक्की मित्तल जी ने भी समाजजन से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस पुनीत आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## बिजली कंपनी के नवपदस्थ अधीक्षण अभियंता योगेश आठनेरे का फेडरेशन ने किया स्वागत



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी मंदसौर के नवपदस्थ अधिक्षण अभियंता श्री योगेश आठनेरे के मंदसौर आगमन पर आज म. प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री श्री डी एस चंद्रावत द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मंदसौर वृत्त के सभी कर्मचारी बेहतर उपभोक्ता सेवा, राजस्व वसूली और लाइन लॉस कम करने हेतु कृत संकल्पित है। कर्मचारियों कि हल होने लायक समस्याओं का निराकरण समय सीमा में होना चाहिए। अधीक्षण अभियंता श्री योगेश आठनेरे ने अपने उद्बोधन में कहा है कि मंदसौर वृत्त में सभी कर्मचारियों/ अधिकारियों को साथ लेकर टीम भावना से कार्य करते हुए मंदसौर को उत्कृष्ट स्थान पर बनाए रखेंगे। सभी कर्मचारियों को अपने अपने कार्य को पूर्ण सुरक्षा के साथ करते हुए त्वरित और गुणवत्ता पूर्वक विद्युत प्रदाय निर्धारित समय में प्रदान करें। सभी कर्मचारियों कि हल होने लायक समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाएगा।

स्वागत कार्यक्रम में मंदसौर के रीजनल सेक्रेटरी श्री अरुण राठौर, अध्यक्ष श्री नरेंद्र राव नवले, वृत्त अध्यक्ष श्री दिलीप शर्मा, सचिव श्री यश जमरा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री मनोज पटेल,श्री बी डी विजयवर्गीय, श्रीमती नेहा सोमपुरा, श्रीमती पुष्पा धनोतिया,श्री शंकर खरे, श्री कमलेश दायमा,श्री हरिवल्लभ डपकरा, श्री सुरेंद्र चंद्रावत,श्री नारायण शर्मा, श्री प्रकाश लोहार,श्री राहुल सेन, श्री भूपेंद्र गोस्वामी,श्री सुरेश मालवीय, श्री प्रदीप जोशी,श्री शोभित श्रीवास्तव, दिलीप धाकड़,श्री खेमराज दायमा,श्री फरीद हुसैन,श्री नरेंद्र आर्य,श्री प्रकाश मिमरोट,श्री तेजमल साधु,श्री रामचंद्र भट्ट,श्री संदीप पाटीदार,श्री हिरालाल सिनम ,श्री अमित कोचट्टा,श्री देवेंद्र सिंह चौहान,श्री सुनील सोलंकी, श्री विजेंद्र सिंह चौहान, श्री वीरेंद्र हाडा,श्री शाहिद खान, श्री अंबालाल गहलोत,श्री मनोज बबाना,श्री लक्ष्मीनारायण कुशवाह,श्री कारुलाल जाटव,श्री बंटी कुमावत,श्री द्वारका चंद्रवंशी, श्री प्रकाश गिरी,मल्हारगढ़ अध्यक्ष श्री जावेद हुसैन बाबर,सचिव श्री सन्नी त्रिवेदी,श्री मनोज कारपेंटर,श्री परमानंद सूर्यवंशी,सीतामऊ संभाग के सचिव श्री श्याम चौधरी एवं कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक परिहार ने किया सावन से सावन बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग का भूमि पूजन एवं डोम का लोकार्पण




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सावन में 148.60 लाख की लागत से बनने वाले सावन से बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग का भूमि पूजन एवं 15 लाख रूपए की लागत से निर्मित डोम का लोकार्पण विधायक दिलीपसिंह परिहार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि पहले बालाजी मंदिर तक जाने में ग्रामीणों को कीचड से गुजरना पडता था, लेकिन सडक बन जाने के बाद उन्हें आवागमन में आसानी होगी। मध्यम एवं गरीब तबके को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र की सभी 68 पंचायतों में सामुदायिक डोम के लिए 15-15 लाख रूपए की राशि आवंटित की गई है, जिससे समाज के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति पर भी जन्मदिन, विवाह एवं मौसर आदि कार्यक्रमों को करने के लिए आर्थिक बोझ न उठाना पडे। गांवों में विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मां भादवा की कृपा से भादवामाता लोक का निर्माण हो रहा है। भादवामाता में 20 बेड का अस्पताल और फिजियोथैरेपी सेन्टर बन रहा है। मां बीसभुजा की कृपा से सावन में भी अस्पताल का भवन बन रहा है। गांव गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। किसान भाई खेती के साथ साथ गौपालन, भैंसपालन एवं बकरीपालन भी करें। प्रदेश सरकार दूध उत्पादन में मध्यप्रदेश को नं.1 बनाना चाहती है। इसके लिए डॉ.भीमराव अम्बेडकर योजना के तहत पशुपालकों को 20 प्रतिशत की सब्सिडी दे रही है। देश में कृशि लाभ का धंधा बने, किसानों की आय दोगुना हो इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कृशि मंत्री शिवराजसिंह चौहान लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार गांव गांव में विकास कार्यों की गंगा बहा रही है।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके किए कार्यों को याद करते हुए श्री परिहार ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म और मानववाद पर जोर दिया था, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डॉ.मोहन यादव सबका साथ सबका विकास के साथ भारत को आत्मनिर्भर बनाते हुए पुनः विश्वगुरू बनाने के कार्य में लगे हैं। जी राम जी योजना के माध्यम से अब गांव के विकास की योजना गांव के पंच और सरपंच मिलकर बनाएंगे। इस योजना में अब 125 दिन की मजदूरी दी जाएगी। अगर कोई बेरोजगार रहेगा तो उसे बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा। गांधीसागर का पानी नीमच जिले के प्रत्येक गांवों में लाने की योजना मंजूर हो गई है। खेत सडक योजना भी शीघ्र प्रारंभ होगी। गांवों में कुटीर उद्योग स्थापना के लिए सरकार 40 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई मदनलाल धनगर, भाजपा जिला महामंत्री धनसिंह कैथवास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह सिसोदिया, निलेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष श्रीमती पूजा अनिल शर्मा, महामंत्री महेश गुर्जर, जनपद सदस्य रतन मालावत, सरपंच जितेंद्र माली, लाला सेन, पूर्व सरपंच मानसिंह गुर्जर, सरपंच देवकिशन शर्मा, दिलीप पुरोहित, नवलकृष्ण सुरावत एवं बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत सावन के ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्व.रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह व अ.भा. कवि सम्मेलन 18 अप्रैल को

### श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बड़े बालाजी मंदिर पर होंगे अनेक आयोजन



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर 28 मार्च से 19 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान आयोजित अ.भा. कवि सम्मेलन में स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 29 मार्च रविवार दोपहर 12 बजे से भव्य सुन्दरकाण्ड (हरिभक्त मण्डल उज्जैन) द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड की प्रस्तुति होगी और दिनांक 2 अप्रैल गुरुवार हनुमान जन्मोत्सव को सायं 7 बजे विशाल शाही महाआरती होगी। महाआरती के दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी, तोप व नगाड़े और भव्य रंगारंगा आतिशबाजी और जानेमाने ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ 251 दीपक से भगवान बालाजी महाराज की भव्य महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। दिनांक 12 अप्रेल, शुक्रवार प्रातः 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा बड़े बालाजी मंदिर परिसर बस स्टेण्ड मंदसौर में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। व दिनांक 18 अप्रेल, शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। जिसके सूत्रधार राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी होंगे। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, अनिल कियावत विनय दुबेला, विनोद रूनवाल (ज्योतिष गुरू), विष्णु शर्मा, जितेन्द्र व्यास, नरेश चंदवानी, राजाराम तंवर, चौथमल शर्मा, दिनेश जोशी, अनिल सुराह, हेमन्त सुराह, महेंद्रसिंह सिसौदिया, अनूप माहेश्वरी, मुकेश कुमावत, कपिल सोलंकी, सज्जनलाल खमेसरा, शिवशंकर सोलंकी, रवि ग्वाला आदि ने सभी मंदसौर नगर के सभी भक्तों एवं काव्य प्रेमियों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## गणपति स्थापना के साथ शुरू हुआ पांच दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों द्वारा पांच दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 11 फरवरी को विनायक स्थापना के साथ ही पांच दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व की शुरुआत हो गई जिसके अंतर्गत 11 फरवरी को प्रात 10-15 बजे तहसील कार्यालय के बाहर स्थित शिव मंदिर पर भक्तों ने सजोड़े विधि विधान पूर्वक विनायक स्थापना की गई आगे दिनांक 12 फरवरी को रात्रि 7 बजे से तहसील कार्यालय के बाहर भव्य संध्या दिनांक 13 फरवरी रात्रि 7 बजे हल्दी- मेंहदी कार्यक्रम दिनांक 14 फरवरी नंदीश्वर महादेव से प्रातः 11-15 बजे मंगल कलश निकलेगे जो नगर भ्रमण कर तहसील कार्यालय के बाहर शिव मंदिर पर पहुंचेगे जहां प्रसाद वितरण किया जाएगा दिनांक 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विशाल शाही सवारी के साथ भूत-भावन भूतेश्वर नाथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे शाही सवारी मे हजारो भक्तो का रैला होगा साथ ही नगर का प्रसिद्ध सांवरिया अनिल बेन्ड,नासिक के ढ़ोल, भटिंडा बेन्ड,शाही हाथी अनेक झांकियां,बाबा खाटु श्याम का सुन्दर दरबार, अघोरी पार्टी,मस्का बेंड,एल ई डी वाल से लाइव, स्पेशल डीजे, नाचने वाले घोड़े, दिनेश ढ़ोल, भव्य आतिशबाजी,ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा,शाही बग्घी,बजरंग व्यायाम शाला का अखाड़ा, सहित अनेक आकर्षण के केंद्र शाही सवारी मे रहेगे। शाही सवारी भूतेश्वर महादेव मंदिर से चलकर तहसील कार्यालय के बाहर स्थित शिव मंदिर पहूंचेगी यहां भव्य पंडाल में शिव पार्वती का विवाह होगा विवाह पश्चात बाबा भोलेनाथ मां आदी शक्ति पार्वती को साथ लेकर शाही सवारी के साथ नंदीश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगे जहां महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

शाही सवारी के दौरान भक्तो के लिए अनेक स्थानों पर अल्पाहार की रहेगी व्यवस्था - नगर में निकलने वाली शाही सवारी के दौरान भक्तो के लिए अनेक स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

## मोरवन टेक्सटाइल प्रोजेक्ट को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

### ढाई माह बाद स्टे हटा, 350 करोड़ के निवेश को मिली नई गति



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की जावद तहसील के ग्राम मोरवन में प्रस्तावित सुविधि रेयॉन्स मोरवन टेक्सटाइल फैक्ट्री को लेकर पिछले कई महीनों से चल रहा विवाद एक अहम मोड़ पर पहुंच गया है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व में लगाए गए अंतरिम स्टे को हटाते हुए राज्य शासन और एमपीआईडीसी को बड़ी राहत दी है। करीब ढाई महीने से रुका निर्माण कार्य अब दोबारा शुरू हो सकेगा। 350 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित यह परियोजना जिले की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाइयों में गिनी जा रही है, जिससे लगभग 1500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने का अनुमान है।

विवाद की शुरुआत नवंबर 2025 में हुई थी, जब इस परियोजना को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जिस भूमि पर फैक्ट्री स्थापित की जा रही है, वह चरनोई (चारागाह) भूमि है और उसका डायवर्सन विधिक प्रावधानों के विपरीत किया गया है। 17 नवंबर 2025 को प्रारंभिक सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे, जिसके चलते फैक्ट्री निर्माण सहित सभी गतिविधियां ठप हो गई थीं।

फैक्ट्री बनने के आदेश आने के बाद से मोरवन और आसपास के गांवों में विरोध तेज हो गया। किसान संगठनों और ग्रामीणों ने फैक्ट्री को डैम और प्रमुख जलस्रोतों के निकट स्थापित किए जाने पर आपत्ति जताई। उनका तर्क था कि कपड़ा प्रोसेसिंग यूनिट से निकलने वाला अपशिष्ट भविष्य में पेयजल आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। कई चरणों में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, ज्ञापन और प्रशासन के साथ बैठकों का दौर चला। ग्रामीणों ने दर्ज प्रकरण वापस लेने और परियोजना निरस्त करने की मांग भी उठाई, लेकिन वार्ताओं में सहमति नहीं बन सकी।

हाईकोर्ट में राज्य शासन और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) की ओर से विस्तृत जवाब प्रस्तुत किया गया। शासन ने स्पष्ट किया कि भूमि का डायवर्सन विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत किया गया है और कलेक्टर को इसके लिए अधिकार प्राप्त हैं। यह भी बताया गया कि संबंधित क्षेत्र में चारागाह भूमि की उपलब्धता आवश्यक मानक से अधिक है तथा उपयोग में लाई गई भूमि बंजर श्रेणी की है। पर्यावरणीय आशंकाओं पर शासन ने आश्वस्त किया कि फैक्ट्री 'जीरो डिस्चार्ज' सिद्धांत पर संचालित होगी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सभी शर्तों का पालन अनिवार्य होगा।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया अधिग्रहण और डायवर्सन की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप प्रतीत होती है। केवल आशंकाओं के आधार पर औद्योगिक विकास को अनिश्चितकाल तक रोका नहीं जा सकता। इसी आधार पर अंतरिम स्टे को आगे जारी रखने से इनकार करते हुए उसे समाप्त कर दिया गया।

स्टे हटने के बाद प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन ने राहत जताई है और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की तैयारी शुरू कर दी है। दूसरी ओर, विरोध कर रहे किसान संगठनों ने निर्णय के अध्ययन के बाद आगे की कानूनी और लोकतांत्रिक रणनीति तय करने की बात कही है। कुल मिलाकर, हाईकोर्ट के इस फैसले ने मोरवन परियोजना को नई गति दी है, लेकिन सामाजिक और पर्यावरणीय सवालों को लेकर क्षेत्र में बहस अभी भी जारी है।

# सम्पादकीय

## डिजिटल क्रांति पर साइबर प्रहार गंभीर चुनौती

डिजिटल युग ने भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवाओं ने लेन-देन को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया है। आज एक सामान्य नागरिक भी कुछ सेकंड में देश के किसी भी कोने में धन भेज सकता है, बिल जमा कर सकता है या निवेश कर सकता है। यही डिजिटल क्रांति 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की आधारशिला मानी जा रही है। किंतु इसी क्रांति के साथ एक गहरी विडंबना भी उभरकर सामने आई है-डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर लूट की भयावह बढ़ोतरी। हजारों करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ न केवल आमजन को आर्थिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं।

डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा 'विश्वास' है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है। पारंपरिक अपराध में जोखिम अपराधी के लिए अधिक था, डिजिटल अपराध में जोखिम कम और लाभ अधिक है। यही असंतुलन इसे अत्यंत खतरनाक बनाता है।

एक अन्य तुलनात्मक पक्ष यह है कि डिजिटल अपराधों में पीड़ित की मनोवैज्ञानिक स्थिति भी अलग होती है। ठगी का शिकार व्यक्ति स्वयं को अपराधी के सामने असहाय पाता है। पुलिस और साइबर क्राइम कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे तकनीकी कारणों का हवाला देकर लौटा दिया जाता है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास जन्म लेता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जटिल है, समुचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, और समय पर कार्रवाई न होने से धन की रिकवरी असंभव हो जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि डिजिटल अपराध का कोई वास्तविक दंड नहीं है। सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखना इस बात का संकेत है कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक आक्रमण भी हो सकता है। किंतु नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बनी हुई है। अनेक प्लेटफार्म और हेल्पलाइन स्थापित किए गए हैं, परंतु उनकी कार्यप्रणाली में त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी स्पष्ट दिखती है। यदि शिकायत के बाद प्रारंभिक ÷गोल्डन ऑवर÷ में ही बैंक खाते फ्रीज करने और ट्रांजैक्शन ट्रैक करने की प्रभावी व्यवस्था न हो, तो बाद की प्रक्रिया औपचारिकता बनकर रह जाती है।

वित्तीय प्रणाली की दृष्टि से देखें तो डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना निवेश, उपभोग और बैंकिंग व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आमजन को यह आशंका सताने लगे कि ऑनलाइन निवेश योजनाएँ या भुगतान सुरक्षित नहीं हैं, तो वह नकद लेन-देन की ओर लौट सकता है। यह प्रवृत्ति सरकार की कैशलेस अर्थव्यवस्था की नीति को कमजोर करेगी। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत नकारात्मक हो सकता है कि साइबर सुरक्षा का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। अतः यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक नीति का भी केंद्रीय प्रश्न है। समाधान के स्तर पर तुलनात्मक रूप से देखें तो विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में रखा है। वहाँ विशेषीकृत एजेंसियाँ, उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, त्वरित डेटा साझा करने की प्रणाली और सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं। भारत में भी साइबर क्राइम ब्यूरो और डिजिटल सुरक्षा तंत्र मौजूद हैं, परंतु उनकी क्षमता, संसाधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस बल को केवल पारंपरिक अपराधों की नहीं, बल्कि डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की भी विशेषज्ञता दी जानी चाहिए। जब तक जांच एजेंसियाँ तकनीकी रूप से अपराधियों से एक कदम आगे नहीं होंगी, तब तक रोकथाम कठिन रहेगी।

एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जागरूकता का भी है। तकनीक जितनी उन्नत होती है, अपराधी भी उतने ही नए तरीके अपनाते हैं। अतः केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग संदिग्ध लिंक, कॉल और निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि जागरूकता का दायित्व पीड़ित पर डालकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। सुरक्षा का मूल दायित्व तंत्र का है, नागरिक का नहीं। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस समस्या को जटिल बनाते हैं। यदि बैंक या भुगतान प्लेटफार्म समय पर कार्रवाई नहीं करते, या आंतरिक मिलीभगत से फर्जी खाते संचालित होते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत विफलता है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट प्रणाली, जवाबदेही और कठोर दंड अनिवार्य हैं। डिजिटल प्लेटफार्मों की केवाईसी प्रक्रिया को अधिक कठोर और वास्तविक बनाना होगा, ताकि फर्जी पहचान के माध्यम से खाते खोलना कठिन हो।

## सृष्टि में सौंदर्य, आनंद व प्रेम की अनुभूति ही शिव हैं : श्री माताजी



शिव जी महायोगी हैं और उनके बारे में हम जानते हैं कि वे सदैव ही अपने आनंद में, समाधि में रत रहते हैं। वे सृष्टि के निर्माण की इच्छा तो करते हैं पर निर्माण व विकास की प्रक्रिया के प्रति साक्षी स्वरूप रहकर उससे अलग रहते हैं परंतु वे समस्त चराचर में स्पंदन व प्राण स्वरूप उपस्थित हैं। अतः शिव तत्व प्रेम, आनंद व सौंदर्य के रूप में समस्त सृष्टि में व्याप्त रहता है।

सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने श्री शिव का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है कि, शिवजी एक परम सन्यासी हैं वह अतुलनीय है उनका वर्णन शब्दों से नहीं कर सकते शिव सर्वदा पवित्र एवं निष्कलंक हैं। प्रेम के सिवाय शिव कुछ भी नहीं। प्रेम सुधारता है, पोषण करता है और आपके हित की कामना करता है। शिव आपके हितों का ध्यान रखते हैं प्रेम से जब आप दूसरों के हितों का ध्यान रख रहे होते हैं तो जीवन का सारा ढांचा ही बदल जाता है आप वास्तव में जीवन का आनंद उठाते हैं।

श्री ब्रह्मदेव द्वारा रचित तथा श्री विष्णु द्वारा विकसित की गई हर वस्तु को सौंदर्य प्रदान करना शिव का गुण है। सौंदर्य संवेदना की रचना का सूक्ष्म कार्य उन्हीं का है। भक्ति का आनंद भी शिव की देन है।÷

वे नटराज हैं। नृत्य- संगीत का प्रादुर्भाव उन्हीं के आनंद की देन है। सृष्टि में प्रमुख तीन तत्व सौंदर्य, आनंद व प्रेम की अनुभूति ही शिव की उपस्थिति का द्योतक है परंतु आत्म ज्ञान के अभाव में हम इस अनुभूति को अनुभव ना करके भौतिकता में खो जाते हैं। सहजयोग में श्री माताजी की कृपा में कुंडलिनी जागरण व आत्म साक्षात्कार की प्राप्ति शिव के श्री चरणों में लय होने का एक सहज मार्ग है।

# शतरंज के शहंशाह विश्वनाथन आनंद

विश्वनाथन आनंद वह नाम हैं, जिन्होंने भारत को विश्व शतरंज के मानचित्र पर स्थायी पहचान दिलाई। जिस दौर में शतरंज देश में सीमित वर्ग तक ही सिमटा हुआ था, उस समय आनंद ने अपने अद्वितीय कौशल, कठोर अनुशासन और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया। आज शतरंज में भारत का नाम विश्व शक्ति के रूप में है उसका पूरा श्रेय आनंद को जाता है। पाँच बार विश्व शतरंज चैंपियन बनना और लंबे समय तक विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रहना उनकी असाधारण प्रतिभा, मानसिक दृढ़ता और समर्पण का सशक्त प्रमाण है।

विश्वनाथन आनंद का जन्म 11 दिसम्बर 1969 को तमिलनाडु के मयिलादुथुरई में हुआ। उनके पिता कृष्णमूर्ति विश्वनाथन दक्षिण रेलवे के जनरल मैनेजर के पद पर सेवा दे चुके है। माता सुशीला गृहणी है। आनंद के बड़े भाई शिवकुमार क्रॉम्पटन ग्रीव्स में मैनेजर हैं और उनकी बहन अनुराधा संयुक्त राज्य अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन में प्रोफेसर है। आनंद की पत्नी का नाम अरुणा तथा बेटे का नाम आनंद अखिल है।

विश्वनाथन आनंद का शतरंज से पहला परिचय महज़ छह वर्ष की उम्र में हुआ। उनकी माँ सुशीला आनंद ने घर में उन्हें शतरंज की शुरुआती चालें सिखाईं।

परिवार की निकट पहचान वाली दीपा रामकृष्णन ने भी आनंद को शतरंज सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। माँ के स्नेह और परिवार के प्रोत्साहन से विश्वनाथन आनंद की शतरंज यात्रा आगे बढ़ी, जो आगे चलकर उन्हें विश्व शतरंज के शिखर तक ले गई। आनंद ने पांच बार वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती है। आनंद की इस सफलता में उनकी मां सुशीला आनंद का बड़ा हाथ रहा है। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण हवाई मार्ग अवरुद्ध हो गया था, जिससे विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद को बुल्गारिया की राजधानी सोफिया तक लगभग 40 घंटे का कठिन सड़क सफर करना पड़ा। यह यात्रा न केवल लंबी थी, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद थकाने वाली भी,लेकिन आनंद की खासियत यही रही कि उन्होंने इस थकान को अपने खेल पर हावी नहीं होने दिया। पूरी एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ उन्होंने मुकाबले में उतरकर बुल्गारिया के स्थानीय स्टार वेसलिन टोपालोव को 6.5 - 5.5 अंकों से पराजित किया और विश्व खिताब पर अपना कब्जा बरकरार रखा।

यह घटना वर्ष 2010 की है। जब बुल्गारिया की राजधानी सोफिया में आयोजित होने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप से ठीक कुछ दिन पहले हवाई यातायात पर प्रतिबंध लग गया था। यूरोप में छाए ज्वालामुखीय धुएँ के बादलों के कारण विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को निर्धारित तिथि पर उड़ान नहीं मिल सकी। इस असाधारण परिस्थिति को देखते हुए आनंद ने विश्व शतरंज महासंघ (फीडे) से टूर्नामेंट को तीन दिन के लिए स्थगित करने की मांग की थी, ताकि वे बिना अत्यधिक थकान के प्रतियोगिता में भाग ले सकें। हालांकि आयोजकों ने इस अनुरोध को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया और प्रतियोगिता को सिर्फ एक दिन के लिए ही टालने का निर्णय लिया। यह प्रसंग न केवल उस दौर की कठिन परिस्थितियों को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि किन विपरीत हालातों में आनंद ने विश्व मंच पर उतरकर अपने खिताब की रक्षा की।

विश्वनाथन आनंद को आज पूरी दुनिया विशी आनंद के नाम से जानती है। लेकिन यह जानना दिलचस्प है कि विशी उनका जन्म या पारिवारिक नाम नहीं है। उनका वास्तविक नाम आनंद है, जबकि विश्वनाथन उनके पिता का नाम है, जिसे दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार नाम के साथ जोड़ा जाता है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज मंच पर विश्वनाथन' का उच्चारण विदेशी खिलाड़ियों और पत्रकारों के लिए अपेक्षाकृत कठिन था। इसी कारण स्नेह और सुविधा के तौर पर उन्होंने आनंद को ÷विशी÷ कहना शुरू कर दिया। समय के साथ यह उपनाम इतना प्रचलित हो गया कि 1990 के दशक में यह केवल एक निकनेम नहीं रहा, बल्कि आनंद की वैश्विक शतरंज पहचान बन गया। विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद द्वारा संचालित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी का मुख्य उद्देश्य भारत के सर्वाधिक प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों को विश्व स्तर की मेंटरशिप और प्रशिक्षण प्रदान करना है। वेस्टब्रिज कैपिटल के सहयोग से 2020 में स्थापित यह अकादमी आधुनिक ऑनलाइन प्रशिक्षण के साथ-साथ सोवियत-शैली की अनुशासित कोचिंग पद्धति पर आधारित है। इस अकादमी के माध्यम से आनंद व्यक्तिगत रूप से निहाल सरीन, प्रज्ञानानंद, आर. वैशाली, गुकेश और रौनक साधवानी जैसे शीर्ष युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर चुके हैं। भारतीय शतरंज की नई पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करने में यह अकादमी एक सशक्त और दूरदर्शी भूमिका निभा रही है। वर्तमान विश्व चैंपियन डी. गुकेश का नाम भी उन खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने इस प्रशिक्षण केंद्र से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

नीट ने विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद के साथ मिलकर नीट माइंड चैम्पियंस एकेडमी की शुरुआत की थी। इस अकादमी का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवा छात्रों में रणनीतिक सोच, एकाग्रता, निर्णय-क्षमता और चेस जैसी बौद्धिक दक्षताओं को विकसित करना था। इस पहल के माध्यम से शतरंज को केवल एक खेल नहीं, बल्कि मानसिक विकास का प्रभावी माध्यम मानकर शिक्षा से जोड़ा गया। इस महत्वपूर्ण शैक्षिक अभियान में विश्वनाथन आनंद नीट के ब्रांड एंबेसेडर भी रहे, जिससे अकादमी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिली।

भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथ आनंद के सम्मान में वर्ष 2015 में एक लघु ग्रह का आधिकारिक नाम विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखा गया है जो उनकी उपलब्धियां के लिए दिया गए एक अनूठा सम्मान है ।

विश्वनाथन आनंद केवल शतरंज की बिसात पर अपनी चालों से ही नहीं, बल्कि वैश्विक शतरंज प्रशासन में भी भारत की सशक्त आवाज़ बने हुए हैं। वर्तमान में वे अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

इस भूमिका में आनंद शतरंज के वैश्विक विकास, युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, खेल की पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके विस्तार से जुड़ी नीतियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। एक महान खिलाड़ी से सफल प्रशासक तक की उनकी यह यात्रा, शतरंज के प्रति उनके समर्पण और दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है। शतरंज ऑस्कर एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान है, जो हर वर्ष विश्व के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ी को प्रदान किया जाता है।

विश्वनाथन आनंद ने 1997, 1998, 2003, 2004, 2007 और 2008 में कुल 6 बार यह सम्मान जीतकर विश्व शतरंज में भारत का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ी होने के साथ-साथ आनंद एक संवेदनशील लेखक भी हैं। उन्होंने अपनी शतरंज यात्रा और अनुभवों को साझा करते हुए ÷माइ बेस्ट गेम्स ऑफ चेस÷ नामक पुस्तक लिखी। इस पुस्तक के लिए उन्हें 1998 में ब्रिटिश चेस फेडरेशन 'बुक ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**-हेमन्त खुटे**

## देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी केन्द्रीय बजट

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संसद में पेश किया गया गया बजट देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी बजट है। इस बजट में समाहित प्रस्तावों में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने और उसे निरन्तर बनाये रखने पर जोर दिया गया है। साथ ही, लोककल्याण के लिए बजट प्रस्तावों पर भी पर्याप्त बल दिया गया है। वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्तव्यों को उजागर किया। ये हैं अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के प्रति लचीलेपन में वृद्धि करते हुए आर्थिक विकास को गति प्रदान करना और उसे बनाये रखना जन आकाँक्षाओं की पूर्ति और उनकी क्षमताओं का वर्द्धन करना एवं देश के प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और वर्ग तक संसाधनों, सुविधाओं तथा अवसरों की पहुंच को सुनिश्चित करना। इस तरह ये कर्तव्य मोदी सरकार की सर्वसमावेशी एवं पोषणीय विकास की रणनीति को सुस्पष्ट रूप में परिभाषित करते हैं। ज्ञातव्य है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के केन्द्र में एक ओर आर्थिक संवृद्धि की गति को तेज करना रहा है वहीं दूसरी तरफ सापेक्षतया वंचित लोगों एवं क्षेत्रों को उन?की क्षमता व सामर्थ्य को बढ़ाते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना रहा है। इस दृष्टि से यह कहना समीचीन है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का ध्येय वाक्य लोकनीतियों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन का नाभिकेन्द्र रहा है। इसमें आर्थिक समृद्धि एवं लोककल्याण में वृद्धि स्वतः विहित रहे हैं। मोदी सरकार द्वारा संरचनात्मक आर्थिक सुधारों का मूल विचार रिफार्म, परफार्म व ट्रॉन्सफार्म रहा है। इस बजट में भी, बजट प्रावधानों को अधिक परिणामोन्मुखी बनाने के लिए सुधारों के क्रम को जारी रखा गया है। विकसित भारत के महालक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस बजट में कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, एमएसएमई, ओडीओपी, रिन्यूबल व न्यूक्लियर एनर्जी, सेमिकंडक्टर, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स, जलमार्ग व रेल विकास, डिकार्बनाइजेशन, निर्यात संवर्द्धन, रक्षा क्षेत्र इत्यादि संभावनापूर्ण क्षेत्रों एवं तत्सम्बन्धी क्रियाओं के संवर्द्धन व विकास के लिए वित्तमंत्री द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित आवंटन किए गये हैं। साथ ही, मानव पूँजी के निर्माण से सम्बन्धित क्षेत्रों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला, युवा और दिव्यांग सशक्तिकरण पर पर्याप्त बल दिया गया है। वस्तुतः, मानव पूँजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी। वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है। हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरन्तर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबन्धन सम्बन्धी निष्पादन श्लाघनीय रहा है।

**-धनंजय राजौरा**

# साहस और विनम्रता जीवन की सच्ची महक

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा द्यइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगीद्य

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

**-संजीव ठाकुर**

## मानसिक और तकनीकी धोखाधड़ी है डिजिटल अरेस्ट

डिजिटल युग ने जहाँ जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं अपराध के नए और खतरनाक रूप भी जन्म दिए हैं। इन्हीं में से एक है डिजिटल अरेस्ट जो कानून नहीं, बल्कि साइबर ठगी का एक नया और भयावह तरीका है। डिजिटल अरेस्ट कोई वास्तविक कानूनी प्रक्रिया नहीं है। यह ठगों द्वारा रची गई एक मानसिक और तकनीकी धोखाधड़ी है, जिसमें अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई,ईडी, कस्टम अधिकारी या कोर्ट का प्रतिनिधि बताकर लोगों को डराते हैं। ठग वीडियो कॉल, फोन कॉल या मैसेज के माध्यम से कहते हैं कि- आपके नाम से अवैध गतिविधि हुई है या आपके बैंक खाते से मनी लॉन्ड्रिंग हुई है या फिर आपका सिम/आधार/पासपोर्ट अपराध में इस्तेमाल हुआ है।

फिर वे व्यक्ति को ऑनलाइन निगरानी या डिजिटल हिरासत में होने का डर दिखाकर कहते हैं कि आप घर से बाहर नहीं जा सकते, किसी से बात नहीं कर सकते वरना तुरंत गिरफ्तारी होगी। डर के कारण व्यक्ति उनसे जुड़ा रहता है और अंततः पैसे ट्रांसफर कर देता है।

**-किशन लाल शर्मा**

# एआई पर लगाम, झूठ पर विराम: नया डिजिटल फरमान



डिजिटल दुनिया में अब लापरवाही और देरी की कोई जगह नहीं बची है। एक झूठी खबर या फर्जी वीडियो कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और समाज में उथल-पुथल मचा सकता है। इसी गंभीर खतरे को समझते हुए भारत ने तकनीकी इतिहास में एक सख्त और निर्णायक कदम उठाया है। 10 फरवरी 2026 को जारी संशोधित आईटी नियमों के तहत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अवैध और हानिकारक सामग्री हटाने के लिए केवल तीन घंटे का अल्टीमेटम दिया है, जो 20 फरवरी 2026 से लागू होगा। पहले जहां कंपनियों को 36 घंटे का समय मिलता था, अब वह घटकर मात्र तीन घंटे रह गया है। यह फैसला साफ संदेश देता है कि भारत अब डीपफेक, फर्जी खबरों और डिजिटल अराजकता के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगा।

इन नए नियमों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू एआई-जनरेटेड सामग्री पर विशेष ध्यान देना है। अब सभी कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ऑडियो, वीडियो और चित्रों को स्पष्ट रूप से लेबल करना अनिवार्य होगा। प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता यह घोषणा करें कि उनकी सामग्री एआई से बनी है या नहीं। साथ ही, जहां संभव हो, स्थायी मेटाडेटा को एम्बेड करना होगा, ताकि मूल स्रोत का पता लगाया जा सके। यह व्यवस्था डीपफेक और फर्जी वीडियो के बढ़ते खतरे पर रोक लगाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। इससे महिलाओं, सार्वजनिक हस्तियों और आम नागरिकों की गरिमा सुरक्षित होगी और समाज में विश्वास का वातावरण बनेगा।

तीन घंटे की समयसीमा पहली नजर में सोशल मीडिया कंपनियों के लिए कठिन लग सकती है, लेकिन वास्तव में यह एक सकारात्मक और रचनात्मक दबाव है। मेटा, यूट्यूब और एक्स जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स अब अपनी तकनीकी क्षमताओं को और अधिक मजबूत करेंगे। एआई आधारित मॉडरेशन सिस्टम, ऑटोमेटेड डिटेक्शन टूल्स और रियल-टाइम मॉनिटरिंग तकनीकों का तेजी से विकास होगा। भारत का विशाल डिजिटल बाजार कंपनियों को मजबूर करेगा कि वे बेहतर और अधिक जिम्मेदार प्रणालियां विकसित करें। इससे न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी डिजिटल सुरक्षा के मानक ऊंचे होंगे। यह नियम कंपनियों को नवाचार के लिए प्रेरित करता है, न कि उन्हें सीमित करता है।

इस नीति का सबसे बड़ा लाभ महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को मिलेगा। गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरों और वीडियो के मामलों में अब केवल दो घंटे की समयसीमा तय की गई है, जो पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करेगी। पहले ऐसी सामग्री घंटों या दिनों तक वायरल हो जाती थी, जिससे मानसिक और सामाजिक नुकसान होता था। अब हटाने की प्रक्रिया इतनी तेज होगी कि नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नियम राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री पर विशेष ध्यान देता है। इससे डिजिटल हिंसा में कमी आएगी और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

नियमों की मजबूती को और बढ़ाने के लिए सरकार ने प्लेटफॉर्म्स पर अनुपालन की जिम्मेदारी को और सख्त किया है। यदि कोई इंटरमीडियरी इन निर्देशों का पालन नहीं करता, तो उसे सुरक्षित हार्बर संरक्षण खोने का खतरा होगा, जो कंपनियों को और अधिक जिम्मेदार बनाएगा। साथ ही, उपयोगकर्ता शिकायतों के निवारण को और मजबूत किया गया है, जिससे पीड़ितों को तेज न्याय मिलेगा। प्लेटफॉर्म्स को अब हर तिमाही उपयोगकर्ताओं को एआई दुरुपयोग के खतरों पर स्पष्ट चेतावनी जारी करनी होगी, ताकि लोग स्वयं सतर्क रहें। ये प्रावधान डिजिटल पारिस्थितिकी को अधिक जवाबदेह और सक्रिय बनाते हैं, जहां सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता से भी मजबूत होगी।

एआई कंटेंट पर लेबलिंग और ट्रेसेबिलिटी का प्रावधान भारत के डिजिटल इतिहास में एक मील का पत्थर है। अब फर्जी वीडियो और झूठी खबरों की पहचान करना पहले से कहीं अधिक आसान होगा। मेटाडेटा को हटाना या बदलना अपराध की श्रेणी में आएगा, जिससे अपराधियों के लिए छिपना कठिन हो जाएगा। यह व्यवस्था लोकतंत्र की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, क्योंकि चुनावी समय में गलत सूचनाएं सबसे बड़ा खतरा बन जाती हैं। भारत अब जिम्मेदार एआई गवर्नेंस का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है, जहां नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखा गया है।

इन नियमों के लागू होने से प्लेटफॉर्म्स का अनुपालन स्तर बढ़ेगा और उपयोगकर्ताओं का अनुभव अधिक सुरक्षित बनेगा। अब लोग बिना भय के अपनी बात साझा कर सकेंगे, क्योंकि उन्हें भरोसा होगा कि हानिकारक सामग्री पर तुरंत कार्रवाई होगी। शिकायत निवारण तंत्र को भी मजबूत किया गया है, जिससे उपयोगकर्ताओं को तेजी से न्याय मिलेगा। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने से डिजिटल इकोसिस्टम अधिक विश्वसनीय बनेगा। भारत का इंटरनेट अब केवल विशाल ही नहीं, बल्कि सुरक्षित और भरोसेमंद भी होगा, जो डिजिटल विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

दीर्घकालिक दृष्टि से यह नियम डिजिटल साक्षरता और जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। लोग एआई से बनी सामग्री को पहचानना सीखेंगे और फर्जी खबरों के प्रति अधिक सतर्क होंगे। सरकार, शैक्षणिक संस्थान और तकनीकी कंपनियां मिलकर जागरूकता अभियान चलाएंगी। इससे समाज में डिजिटल जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। सुरक्षित और नियंत्रित वातावरण के कारण विदेशी और घरेलू निवेश में भी वृद्धि होगी, क्योंकि नवाचार के लिए स्थिरता आवश्यक होती है। यह नीति भारत को एक वैश्विक डिजिटल लीडर के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

हालांकि कुछ आलोचक इसे कठोर और अव्यावहारिक मानते हैं, परंतु डिजिटल युग की तीव्र गति को देखते हुए यह समयसीमा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। आज कोई भी सूचना कुछ ही पलों में करोड़ों लोगों तक पहुंच जाती है, जिससे उसके प्रभाव भी उतने ही व्यापक और गहरे होते हैं। ऐसे में केवल त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ही वास्तविक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। सरकार ने संतुलन साधने का प्रयास किया है, ताकि न तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश लगे और न ही लापरवाही को बढ़ावा मिले। भारत का तीन घंटे का अल्टीमेटम यह स्पष्ट संदेश देता है कि डिजिटल स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही अनिवार्य है। निस्संदेह, यह कदम हमें एक सुरक्षित, पारदर्शी और सशक्त डिजिटल भविष्य की दिशा में अग्रसर करेगा।

**-प्रो. आरके जैन**

# सोलर प्लांट से चुराई थी लाखों की सोलर प्लेट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

### लाखों के माल के साथ पुलिस के हत्थे चढ़े चार बदमाश

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के ग्राम बुरलाय स्थित एनटीपीसी सोलर प्लांट से अज्ञात बदमाशों ने 2 लाख रू. से अधिक की सोलर प्लेट चुरा ली थी। मामले में सुपरवाईजर ने पुलिस को शिकायत की। जिसे गंभीरता से लेते हुए मोहन बड़ोदिया पुलिस ने 20 दिनों में मामले का खुलासा करते हुए चोरी गए माल, उपयोग किया गया वाहन जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियोंसे अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21-22 जनवरी की दरमियानी रात ग्राम देहरीपाल-बुरलाय स्थित एनटीपीसी सोलर प्लांट के ब्लॉक नंबर 12 से 31 सोलर प्लेटों का एक बंडल चोरी हो गया था। इस मामले में 22 जनवरी को करणी सील्ड कंपनी के सुपरवाइजर पंकज गुर्जर ने मोहन बड़ोदिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने नितेश सोलंकी (24), धर्मेंद्र सिंह (23), विशाल कटारिया (19) और अर्जुन सूर्यवंशी (23) को हिरासत में लिया। पूछताछ में चारों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि चोरी की गई सोलर प्लेटों को टाटा मैजिक (एमपी 13 एल 5246) में भरकर बेचने के इरादे से बुरलाय के जंगल में छिपा दिया था। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 2 लाख 75 हजार 808 रुपए कीमत की 31 सोलर प्लेटें और 4 लाख 50 हजार रुपए कीमत का वाहन बरामद किया। इस प्रकार पुलिस ने कुल 7 लाख 25 हजार रू. का माल बरामद किया है।

बड़ौद में हुई वारदात में भी शामिल थे बदमाश- विवेचना के दौरान पता चला की बड़ोद पुलिस द्वारा कुछ आरोपियों को उनके चोरी के अपराध में पकड़ा गया है। जिनसे पुछताछ हेतु पुलिस टीम रवाना कि गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी नितेश सोलंकी, धर्मेन्द्र सिंह पिता तकसिंह राजपूत, विशाल कटारिया व अर्जुन सुर्यवंशी से सख्ती से पुछताछ की गई। पुछताछ में उक्त चारों आरोपियों द्वारा 21-22 जनवरी की मध्य रात्री में ग्राम देहरीपाल बुरलाय एन.टी.पी.सी. कम्पनी के सोलर प्लांट से प्लेट चुराना स्वीकार किया।

सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील- पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ शाजापुर और आगर जिलों में पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं। अन्य जिलों में हुई वारदातों को लेकर भी उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की अपील की है।

## महादेव को निहारने मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

### शिवालयों में चल रही महाशिवरात्रि की तैयारियां



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 15 फरवरी रविवार को जिले भर में शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर शिवालयों में तैयारियां की जा रही है। इसी को लेकर बुधवार को नगर के प्राचीन श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर व श्री घाट स्थित शिव मंदिर में महादेव को हल्दी व मेहंदी लगाकर श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए।

आयोजन की शुरूआत 10 फरवरी को श्री गणेश पूजन से हो गई। आयोजन के दूसरे दिन बुधवार को मंदिर में महिलाओं ने महादेव को हल्दी व मेहंदी लगाई गई। इसके बाद महिलाएं मंगल गीत गाते हुए ढोल-ढमाकों के साथ कुम्हार के यहां पहुंचे और चॉक का पूजन कर चॉक बधाई दी गई। वहीं खल मट्टी पूजा की गई। इसके बाद महिलाओं ने मंदिर पहुंचकर गणेश पूजन, माता पूजन की रस्मे निभाई। आयोजन के अगले दिन गुरुवार को भी मंदिर में शिव विवाह को लेकर आयोजन किए जाएंगे। इसके बाद 15 फरवरी को माता पार्वती संग महादेव का विवाह धूमधाम से होगा। जिसके लिए तेयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही पांच दिवसीय विवाह महोत्सव भी मनाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल होकर नाच-गाकर विवाह की खुशियां मना रहे हैं।

मंदिरों में हो रहा रंग रोगन, विद्युत सज्जा- हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव विवाह को लेकर भक्तों में उत्साह नजर आ रहा है जो शिवालयों को सजाने में जुट गए हैं। कहीं रंग-रोंगन किया जा रहा है तो कहीं आकर्षक विद्युत सज्जा की तैयारियां की जा रही है। नगर के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर सहित श्री घाट, भीमघाट, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, मंगलनाथ महादेव मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालू शिव विवाह की तैयारियो में जुटे नजर आ रहे हैं।

## विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन संपन्न

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विद्युत मंडल के पेंशनर्स द्वारा दो सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मंडुक पुष्कर धरना स्थल पर किया गया। धरना प्रदर्शन में एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल ने बताया कि विद्युत मंडल पेंशनरों की दो सूत्रीय प्रमुख मांगे जिसमें म.प्र. शासन द्वारा पेंशन की गारंटी एवं केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथि व दर से महंगाई राहत के भुगतान के लिए विद्युत मंडल के चार प्रमुख पेंशनर संगठनो द्वारा प्रदेश स्तर पर संयुक्त मोर्चा का गठन कर आव्हान किया गया। मोर्चा के आव्हान पर प्रदेश भर में क्रमबद्ध आंदोलन चलाए जा रहे है। इसमें प्रथम चरण में प्रदेशभर में 23 दिसम्बर 2025 को जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किये गये एवं द्वितीय चरण में प्रदेशभर में जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक किये गये। इसी कड़ी में देवास में भी एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन में संयोजक सी.के. दीक्षित, आर.एस.चौधरी, एन.के.शर्मा, एल.डी.गुप्ता, एस.एन.जोशी, बी.के.स्वामी, एस.के. हिंगे, मुकुट वर्मा, मोहन मोदी, संजय वैष्णव आदी।

## हाईवे पर हुई कार-बाइक की टक्कर, कार चालक ने किया अभद्र

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के बीच से गुजरने वाले हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब 1 बजे मोहन श्री होटल के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां और बेटा घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक ने बदसलूकी की। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश दी।



जानकारी के अनुसार अभिजीत सूर्यवंशी अपनी मां रेखा सूर्यवंशी के साथ एक निजी अस्पताल से उपचार कराकर घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में रेखा सूर्यवंशी के पैर में चोट आई, जबकि अभिजीत को भी मामूली चोट लगी। घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। घायल अभिजीत ने आरोप लगाया कि गलती होने के बावजूद कार चालक ने माफी मांगने के बजाय दादागिरी शुरू कर दी। कार सवार ने उनके साथ गाली-गलौज और डराने-धमकाने का प्रयास किया, जिससे मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गए। हंगामे के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

## पुलिस व डॉक्टर्स ने बताया आपात स्थिति में जान बचाने का तरीका

### आम लोगों को दी सीपीआर की ट्रेनिंग

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यातायात पुलिस ने आम नागरिकों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण टंकी चौराहा और दुपाड़ा रोड पर आयोजित किया गया, जिसमें जिला अस्पताल शाजापुर के डॉक्टरों की टीम भी शामिल हुई। जिन्होंने आपात स्थिति में लोगों की जान कैसे बचाई जाए इसके बारे में विस्तार से बताया।



प्रशिक्षण के दौरान डॉक्टरों ने आपात स्थिति में जान बचाने के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अचानक तबीयत बिगड़ने, दुर्घटना या हृदय गति रुकने पर सीपीआर कैसे दिया जाता है और शुरुआती समय में सही कदम उठाकर कैसे किसी की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान डॉक्टरों ने डेमो के जरिए पूरी प्रक्रिया समझाई और आम लोगों से इसका अभ्यास भी करवाया।

नगरवासियों ने ली रूचि, लिया प्रशिक्षण- चौराहे पर चल रहे इस प्रशिक्षण को वहां से गुजर रहे जिस नगरवासी ने देखा वह अपने वाहन रोककर कार्यक्रम में शामिल हो गया। लोगों ने इसमें गहरी रुचि दिखाई और सवाल पूछे। साथ ही अपनी शंकाओं का समाधान किया। यातायात पुलिस और डॉक्टरों की टीम ने सभी प्रश्नों के उत्तर देकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। यातायात थाने में पदस्थ सूबेदार सौरभ सिंह चौहान ने बताया कि यह सीपीआर प्रशिक्षण अभियान पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। इसके अलावा लोगों को राहवीर योजना का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है।

## शिवपुर मातमोर जैन तीर्थ समीप बस्ती निर्माण पर जैन समाज में गहरा आक्रोश

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले के भारत भर में विख्यात चापड़ा के समीप शिवपुर मातमोर जैन तीर्थ असामाजिक एवं हिंसक गतिविधियों से घिरता हुआ दृष्टिगत हो रहा है। इसको लेकर संपूर्ण जैन समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अहिंसक समाज के लिए तीर्थ स्थल के समीप इस प्रकार की गतिविधियां असहनीय है। प्रशासन द्वारा मातमोर से विस्थापित कई परिवारों की शिवपुर जैन तीर्थ के समीप बस्ती बनाकर घर बनाने का आदेश जारी किया गया है। इस हेतु प्रशासनिक कार्यवाही भी प्रारंभ हो चुकी है। पूज्य आचार्य श्री वीररत्न विजयजी म.सा. एवं जैन समाज के अथक प्रयासों से आज यह तीर्थ भारत भर में साधना, आराधना एवं तप स्थली के रूप में विख्यात हो चुका है। वर्ष भर में हजारों भक्त यहां पर साधना, आराधना एवं तीर्थ यात्रा करने आते है। यहां पर भारत एक मात्र संपूर्ण निर्मित अद्भुत शिल्पकला वाला रथाकार मंदिर है। तीर्थ अधिष्ठायक देव श्री माणिभद्रवीर यहां पर स्वयंभू प्रकटित होकर स्थापित है तथा भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर रहे है। इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के समीप बस्ती बनाया जाना सर्वथा अनुचित है। जबकि आसपास के क्षेत्र में कई स्थान बस्ती बनाने के लिए उपयोग में लिए जा सकते है। इस बस्ती के निर्माण से आने वाले भक्तों की आराधना, साधना में व्यवधान पैदा होगा तथा तीर्थ की पवित्रता भी भंग होगी। उक्त बस्ती को अन्यत्र स्थापित करने की मांग को लेकर जैन समाज ने शासन एवं प्रशासन को पत्र एवं ज्ञापन के माध्यम से अवगत भी कराया है। इसके बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इस स्थिति में जैन समाज में तीव्र आक्रोश एवं असंतोष फैला हुआ है। समाज ने चेतावनी दी है कि उक्त बस्ती को अन्यत्र स्थापित नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



## मना करने के बाद भी संकरी गली में घुसा डंपर, नाले में फंसा

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के काशीनगर क्षेत्र में मुरम से भरा एक डंपर नाले में धंस गया और एक मकान से टकरा गया। जहां रहने वाले लोगों ने वहां से बमुश्किल निकलकर अपनी जान बचाई। खास बात यह है कि लोगों ने चालक को समझाया था कि वह संकरी गली में न घुसे। लेकिन वह नहीं माना और हादसा हो गया। घटना बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे की है। गली में एंट्री करते ही डंपर का एक पहिया सड़क किनारे बने नाले में धंस गया। इससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पास के एक मकान से जा टकराया। उस समय मकान के बाहर मौजूद लोगों ने तुरंत हटकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने चालक की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि मना करने के बावजूद चालक जबरन डंपर गली में ले गया। सूचना मिलने पर पहुंची लालघाटी पुलिस ने डंपर चालक और वाहन मालिक से पूछताछ की। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## गार्डन एसोसिएशन देवास की पुष्प प्रदर्शनी 14 एवं 15 फरवरी को

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गार्डन एसोसिएशन देवास की पुष्प प्रदर्शनी लगने वाली है पुष्प प्रेमीजन उसकी बाट जोहते रहते है। बात सही भी है अपने अपने बगीचों में फूलों के पौधों को लगाना, उन्हें बढा करना कोई आसान काम नहीं है। हर वर्ष फरवरी के दूसरे सप्ताह में बगीचों लगे फूलवाले पौधों में प्रदर्शनी में रखने लायक फूल आए यह तो और भी मुश्किल काम है। पौधे उगाना एक कला है, कला के साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी है। परंतु करने वाले यह मुश्किल काम साल दर साल करते आ रहे है, जो उनकी लगन, मेहनत का ही परिणाम है। इस वर्ष भी प्रदर्शनी में गुलाब, डेहलिया, सेवंती, तरह तरह के मौसमी फूल, केक्टस, क्रोटन, विभिन्न किस्मों के हाउस प्लांट, अलग अलग आकार देकर बनाए हुए पौधे, बोंसाई किए हुए पौधे और विशेष रूप से अमिताभ तिवारी के बोंसाई पौधों के मिनिएचर गार्डन जो हमें देवास में सहज ही देखने को मिल जाते है।

# स्टेशन रोड कब्रिस्तान पर फैला रहे भ्रम

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास स्टेशन रोड सार्वजनिक मुस्लिम कब्रिस्तान कमेटी के सचिव शाकिर मंसूरी ने बताया कि,इस कब्रिस्तान में मुस्लिम समाज के मुख्य रुप से मंसूरी, घोसी, शिशगर, एवं मेव समाज के अपने मृत परिजन की मययत को वक्फ कब्रिस्तान के. सर्वे न. 83,84,85, पर दफनाते आए है, ज्ञात रहे उक्त सार्वजनिक कब्रस्तान को जिला प्रशासन के तत्कालीन कलेक्टर द्वारा 1975,मे मुस्लिम समुदाय के लिए सार्वजनिक कब्रिस्तान के रुप मे घोषित किया था, लेकिन 13,जनवरी 2024 को कब्रिस्तान के एक मात्र आने जाने के रास्ते को तत्कालीन एस डी एम बिहारी सिंह ने बगैर किसी न्यायालीन, सरकारी आदेश के रसूखदारों के मैयत और जनाजे को रुकवा दिया गया था,तब मुस्लिम समाज कब्रिस्तान कमेटी ने ट्रिब्यूनल कोर्ट भोपाल में दावा पेश किया था तब न्यायालय द्वारा तत्काल उक्त बंद रास्ता खोलकर मैययत को दफनाने के आदेश पारित किए गए थे, और उसी समय में प्रतिवादी को कब्रिस्तान में हस्तक्षेप करने से दूरी बनाने के निर्देश दिए गए थे, ज्ञात रहे उक्त मय्यत को रोके जाने के समय ओमप्रकाश भावसार व उनके साथियों कि महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने जनाजा रुकवाया था,जिनके द्वारा प्रशासन को गुमराह करने हेतू कौरोना काल मे तहसीलदार को आवेदन दिया ,उसके बाद से कब्रिस्तान पर निगाह रख रखी गई और उसके कुछ साल बाद बोर्ड हटवाया।



## गर्मी देने लगी दस्तक, तापमान 31 पार

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सर्दी से ठिठुर रहे नगरवासियों के अब पसीने छूटने लगे हैं। क्योंकि दिन का तापमान अब 31 के पार पहुंच चुका है। तो हवाएं भी उत्तर-पूर्वी से उत्तर-पश्चिमी में बदल गई हैं। जिससे नगर का मौसम सर्द से गर्म हो गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर का अधिकतम तापमान 31.3 व न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि सुबह और शाम जरूर गुलाबी ठंडक का एहसास हो रहा है, लेकिन कुछ दिनों बाद सुबह-शाम से भी सर्दी गायब हो जाएगी और लोगों को गर्मी का सामना करना होगा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि बुधवार सुबह से ही तेज धूप रही। उनके अनुसार शाम के समय हल्के बादल छा सकते हैं और आने वाले दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि अब लोगों को ठंड से लगभग पूरी तरह निजात मिल चुकी है। वर्तमान में केवल सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस हो रही है, जबकि दिन में गर्मी स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है। रात के समय भी घरों में पंखे और कूलर चलने लगे हैं। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना है।

# विधिक सेवा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स पैनल का पुनर्गठन

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा आमजन को विधिक सेवा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पैरालीगल वालेंटियर्स के पैनल का पुनर्गठन किया जा रहा है। इस संबंध में एक वर्ष की अवधि हेतु पैनल गठन के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

प्राधिकरण द्वारा ग्रामों, जनपद पंचायतों एवं अन्य स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले लीगल एड क्लीनिक, पुलिस थानों तथा समाज के कमजोर, पिछड़े एवं पीड़ित वर्गों को विधिक सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के कार्य में पैरालीगल वालेंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके अतिरिक्त गुमशुदा बच्चों की सहायता, नालसा एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्ययोजना, दिशा-निर्देशों, विशेष अभियानों एवं अन्य निर्दिष्ट कार्यों के क्रियान्वयन में भी वालेंटियर्स सहयोग प्रदान करेंगे।

इच्छुक आवेदक अपने आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर अथवा संबंधित तहसील विधिक सेवा समिति–आष्टा, भैरूंदा, बुदनी एवं इछावर–में अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। पैनल गठन में योग्य महिला आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के योग्य आवेदकों को भी समुचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाएगा।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि पैरालीगल वालेंटियर का कार्य पूर्णतः सेवा भाव पर आधारित है, यह कोई शासकीय नौकरी नहीं है। इसके लिए नियमित वेतन या मजदूरी देय नहीं होगी, तथापि नालसा एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर नियमानुसार निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर छात्रों को किया जागरूक

**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) शाजापुर द्वारा आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इंटरनेट के सदुपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा फ्राड लिंक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी संभावित धोखाधड़ी के प्रति सचेत किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुप्रियो बर्मन ने विद्यार्थियों को बताया कि प्रतिदिन साइबर फ्राड के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में छात्रों को इंटरनेट का उपयोग बेहद सावधानी से करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की ठगी से बचा जा सके। उन्होंने सुरक्षित ब्राउज़िंग, संदिग्ध लिंक से दूरी और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर जोर दिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सविता सोनी ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त और सुरक्षित बनाते हैं। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए। इस अवसर पर अतिरिक्त सूचना विज्ञान अधिकारी मानसी दहिया, जिला रोलआउट प्रबंधक संजय विश्वकर्मा तथा नेटवर्क इंजीनियर नितेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक गुर

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में कार्यालय कलेक्टरेट से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में आपदा प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता के संरक्षण एवं एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11वीं बटालियन एनडीआरएफ, वाराणसी की विशेषज्ञ टीम ने भाग लेकर एनसीसी कैडेट्स को आपदा के समय स्वयं की सुरक्षा तथा अन्य लोगों की सहायता करने के प्रभावी और व्यावहारिक तरीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। एनडीआरएफ टीम के इंस्पेक्टर श्री निलेश दीवानिया एवं उनके सहयोगियों ने भूकंप, आगजनी आदी।

# रूद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने की विस्तृत समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कुबेरेश्वर धाम में आयोजित बैठक में रूद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, ड्यूटी प्रभारी तथा आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने महोत्सव को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालु-हितैषी बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री रविन्द्र परमार, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि रूद्राक्ष महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस अधिकारी या कर्मचारी को जिस क्षेत्र अथवा कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह पूरी गंभीरता, सजगता और सेवा भाव के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करे। ड्यूटी स्थल पर पूरे समय उपस्थित रहना अनिवार्य होगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, भोजन वितरण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पंडाल व्यवस्था, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

# महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल व खेल परिसर के लिए करीब 3 करोड़ की राशि मंजूर



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** शासकीय महाविद्यालय में बन रहे बहुद्देश्यीय खेल परिसर के अधुरे निर्माण कार्य के पूरे होने व महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दोनों विकास कार्यो के लिए करीब 3 करोड की राशि मंजूर की है।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विवेक पाटीदार ने बताया की पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के प्रयास से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल के लिए 1 करोड़ 18 लाख व खेल परिसर के लिए 1 करोड़ 75 लाख की राशि स्वीकृत की। इसको लेकर मांग पत्र भी दिया गया था। पाटीदार ने बताया कि दोनों निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे। पाटीदार ने मुख्यमंत्री यादव व उच्च शिक्षा मंत्री परमार का आभार माना।

बता दे कि पूर्व मंत्री दत्तीगांव के प्रयास से 2022 में 2 करोड़ 58 लाख 67 हजार की लागत से महाविद्यालय परिसर में सर्वसुविधायुक्त खेल परिसर बनाने के लिए मंजूरी मिली थी। इसके बाद 2023 में निर्माण कार्य शुरू हो गया था। किंतु राशि की कमी के कारण आधा कार्य बंद पड़ा था। अब पुनः निर्माण कार्य के लिए शेष राशि मंजूर होने से कार्य को गति मिलेगी। यहां महाविद्यालय परिसर में भूतल व प्रथम तल पर 388- 388 वर्गमीटर तथा द्वितीय तल पर 46.20 वर्गमीटर में निर्माण किया जा रहा है। जिनमें खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की सुविधा के लिए मल्टीपरपस हॉल बनाया जा रहा है। साथ ही महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, लॉक रूम, दो बैडमिंटन कोर्ट एवं 200 मीटर का रनिंग ट्रैक बनेगा। अन्य खेलों के आवश्यक संसाधन भी जुटाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ये तमाम सुविधाएं मुहैया होने का सीधा फायदा खेल प्रतिभाओं को मिलेगा। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने अपने विचार व्यक्त किये




**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज भारतीय जनता पार्टी उन्हेल मंडल द्वारा बूथ क्रमांक 57. पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण के अध्यक्ष श्री राजेश जी धाकड़,मंडल अध्यक्ष राजकुमार जी जैन,समर्पण निधि प्रभारी मंगेश जी वर्मा एवं भाजपा नेता बालाराम खींची, दिलीप मोदी, कैलाश विपट,नंदराम धाकड़,अखिलेश उपाध्याय, बाबूलाल खमोरिया, चन्दरलाल चौहान, नागेश माली, संचालन महामंत्री तेजूलाल जटिया ने किया आभार महेश बैरागी ने माना। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मंडल मिडिया प्रभारी मयूर जैन ने दी।

## खटकेदार चाकू के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** पुलिस ने जागीदार के खेत के पास पुराना रास्ता उमरिया केसुर रोड़ बड़नगर पर एक व्यक्ति अपने हाथ मे लोहे का खटकेदार धारदार चाकू लिये आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहाँ रोड़ पर खडा एक व्यक्ति अपने हाथ में एक लोहे का धारदार खटकेदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था । जिसे घेराबंदी कर पकड़ा व एक लोहे का खटकेदार धारदार चाकू पुलिस ने कब्जे में लेकर उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम देवीसिंह पिता रमेश उम्र 43 साल जाति चर्मकार निवासी ग्राम लोहाना का होना बताया आरोपी का कृत्य धारा- 25 आर्म्स एक्ट का दंडनीय पाया जाने से आरोपी देवीसिंह के कब्जे से एक लोहे का खटकेदार धारदार चाकू जप्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना हाजा पर अप.क्र.63/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

सराहनीय भूमिका- उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, सउनि गोर्वधन दास बैरागी ,प्रआर रामनारायण चौहान ,आर. मनोज दास बैरागी, की सराहनीय भुमिका रही।

## रक्तदान जागरुकता रैली और रक्तदान शिविर सम्पन्न

**खण्डवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रक्तदान के प्रति जनजागरूकता के लिए बुधवार को जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा से नर्सिंग छात्राओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, एन.सी.सी. के केडेट्स तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों की जनजागृति रैली को विधायक प्रतिनिधि श्री मुकेश तन्वे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. अतुल माने, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. रंजीत बड़ोले, सहायक अधीक्षक डॉ. सुनील बाजोलिया, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पर्व तिवारी, चिकित्सक व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। रैली के माध्यम से रक्तदाताओं को जागरुकता का संदेश देते हुए रक्तदान करने की अपील की गई। यह रैली नगर निगम, बॉम्बे बाजार, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन से मछली बाजार, जलेबी चौक से होती हुई जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा में सम्पन्न हुई। नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. अतुल माने ने बताया कि रक्तदान के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से बुधवार को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में जय महाराणा रक्तदान समूह, मानव अधिकार सेवा समिति, मानव अधिकार सहायता संघ व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा अधिकारी कर्मचारी ने कुल 27 यूनिट रक्तदान किया।

## मनकामेश्वर महादेव महिला मंडल एवं सर्व महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा के साथ में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मनकामेश्वर महादेव महिला मंडल एवं सर्व महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा श्री राम मंदिर, पंच धाकड़ समाज परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल छोटा तालाब स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पहुंची।



कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन एवं जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगरवासियों ने भी विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। श्री राम मंदिर पंच धाकड़ समाज अनमोल ग्रुप द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

कथा शुभारंभ के पावन अवसर पर श्री मनकामनेश्वर महादेव महिला मंडल के तत्वावधान में कथा के मुख्य यजमान श्री बालाराम बंबोरिया परिवार द्वारा कथा व्यास पंडित श्री हरिओम पाराशर जी का पारंपरिक साल एवं श्रीफल अर्पित कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ आध्यात्मिक गरिमा के साथ प्रथम दिवस की कथा प्रारंभ हुई। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा एवं मानव जीवन में उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संस्कारों का संदेश दिया।

आयोजक महिला मंडल ने समस्त नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है। कथा प्रतिदिन नियत समय 12 बजे से 4 बजे तकरहेगी आज के प्रसादी यजमान बलाराम पिता भेरुलाल बंबोरिया परिवार रहा इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा दिनेश पटेल शंकरलाल बंबोरिया नारायण बंबोरिया शांतिलाल पटेल दिनेश सांखला रमेश बंबोरिया भेरूलाल खामोरिया विकास जायसवाल गोविंद सलित्रा मनकामेश्वर छोटा तालाब महिला मंडल चौपाटी महिला मंडल सांवरिया महिला भक्त मंडल कालिका माता महिला भक्त मंडल राम मंदिर महिला भक्त मंडल भूतेश्वर महादेव मंदिर कार्तिक चौक महिला मंडल शीतला माता महिला मण्डल हनुमान मंदिर चौपाटी महिला मण्डल सती माता महिला भक्त मंडल हटकेश्वर महादेव मण्डल भैरव महाराज महिला मंडल व नगर की समस्त महिला मंडल एकत्रित होकर कथा का लाभ लिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बदनावर में श्रद्धांजलि सभा, पूर्व मंत्री दत्तीगांव बोले, अंत्योदय ही सच्चा राष्ट्रधर्म

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा बुधवार को बदनावर में अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई गई। कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके विचारों को स्मरण किया।




इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्रचिंतक और दूरदर्शी विचारक थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को वैचारिक आधार प्रदान किया। 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' का उनका दर्शन आज भी देश की नीतियों और विकास की दिशा को प्रेरित करता है।

नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन संगठन निर्माण, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को समर्पित रहा। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भी पंडित जी के विचारों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करें।

इस दौरान नगर मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह चौहान ने दी।

## पेट्रोल पंप पर लूट के आरोपियों को 16 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** पेट्रोल पंप पर लूट की घटना के संगीन अपराध को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामविलास गुप्ता ने 16 वर्ष की के सश्रम कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई। आपको बता दें कि 3 सितंबर 2023 को इंगोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलसोड़ा में स्थित पेट्रोल पंप पर रात 11ः00 बजे मुंह पर कपड़ा बांधे एक स्कूटी व मोटरसाइकिल से आए पांच बदमाशों ने पेट्रोल भरवाने के बाद पेट्रोल पंप पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा पैसों की मांग करने पर आरोपियों द्वारा कर्मचारियों को चाकू निकालकर डराया धमकाया व उनके साथ मारपीट करते हुए पेट्रोल पंप कार्यालय से 100000 रुपए तथा पेट्रोल पंप के कर्मचारी दीपक का मोबाइल व 10000 लूट कर ले गए थे जिसकी रिपोर्ट पेट्रोल पंप के मालिक योगेंद्र सिंह द्वारा इंगोरिया थाने पर की गई थी इंगोरिया पुलिस ने धारा 397 458 427 आईपीसी एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था न्यायालय में प्रकरण के विचारण के दौरान लोक अभियोजक भारती उज्जालिया ने 13 साक्षियों के कथन न्यायालय में करवाए अभियोजन पक्ष के तर्क से सहमत होकर न्यायालय ने सभी आरोपीयों को धारा 397 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 458 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा धारा 427 आईपीसी में 1 वर्ष के सश्रम कारावास व जमाने की सजा सुनाई। न्यायालय द्वारा अपने फैसले में विशेष टिप्पणी की है कि ऐसे प्रकरणों में नर्म दृष्टिकोण अपनाया जाना अपेक्षित नहीं दिखता है इस तरह की घटनाएं पूरे समाज को प्रभावित करती है।

## मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग पर जिलास्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



**आलीराजपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग को लेकर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री मोनिका बघेल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर चिन्हांकन किया जाएगा तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए सहयोगी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## मिति षर्मा को डॉक्टरेट की उपाधि



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** सम्राट विक्रम विष्वविद्यालय उज्जैन की अंग्रेजी अध्ययनषाला से मिति षर्मा पिता महेषचंद्र षर्मा, माता ममता षर्मा निवासी लाल बाग बडनगर द्वारा अंग्रेजी विषय में ''मल्टीडाइमेन्षनल एक्सपोजिषन इन द सिलेक्ट ट्वेंटी-फर्स्ट-सेन्चुरी नॉवेल्स बाय कॉमनवेल्थ विमिन राइटर्स'' पर अपना षोध कार्य करने पर डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। षोधार्थी ने अपना षोध कार्य प्रो. डॉ. बी.के. आंजना के मार्गदर्षन में पूरा किया। डॉ. मिति षर्मा वर्तमान में षासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विषय की असिस्टेंट प्रोफेसर है, वैसे डॉ. मिति षर्मा द्वारा विद्यार्थी जीवन से लेकर आज तक कई रिकार्ड अपने नाम किए है उनमें से प्रमुख निम्न है - सम्राट विक्रम विष्वविद्यालय उज्जैन की अंग्रेजी अध्ययनषाला में पी.एच.डी की सबसे बडी थिसिस लिखने का, नेट जेआरएफ, एस आर एफ में अंग्रेजी अध्ययनषाला की प्रथम छात्रा विक्रम विष्वविद्यालय उज्जैन से एम. ए. अंग्रेजी अध्ययनषाला में अध्ययन रहते हुए तीन गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली बडनगर तहसील की पहली छात्रा इसके अतिरिक्त एमपीपीएससी लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी परीक्षा 2022 में महिला वर्ग में प्रथम स्थान तथा महिला एवं पुरूष वर्ग की पूरी सफलता सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। जिसमें आल इण्डिया के कई प्रतिभागी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। डॉ. मिति षर्मा की इन उपलब्धियों पर सम्राट विक्रम विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अर्पण भारद्वाज, अंग्रेजी अध्ययनषाला उज्जैन की पूर्व एच. ओ. डी. प्रो. डॉ. अचला षर्मा, वर्तमान एच. ओ. डी. प्रो. डॉ. अंजना पाण्डे, प्रो. डॉ. बी.के आंजना, ष्वेता वर्मा तथा बडनगर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रेमचंद द्वितीय, डॉ. कपाडिया आदि गुरूजन एवं ईष्टमित्रो के द्वारा बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। मिति षर्मा ने अपनी इन उपलब्धियों का श्रेय ईष्वर के साथ अपने माता-पिता एवं गुरूजन तथा अपने नानाजी विनोद कुमार षर्मा एवं भाई विराट षर्मा को दिया।

## भाजपा बदनावर नगर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित, 23 पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

### वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिंह चौहान मीडिया प्रभारी नियुक्त

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी जिला धार के निर्देशानुसार बदनावर नगर मंडल की नई मंडल समिति की घोषणा बुधवार को की गई है। जिला अध्यक्ष निलेश भारती की सहमति से नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर द्वारा मंडल पदाधिकारियों की सूची जारी की गई।

घोषित सूची के अनुसार मंडल में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, आईटी सेल प्रभारी सहित विभिन्न दायित्वों पर कुल 23 पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

उपाध्यक्ष रमेश पाटीदार (भूरा), श्रीमती प्रीति रावल, पवन चांवला, अंशुमन जोशी, सुनील परमार एवं अमित गांधी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महामंत्री संतोष राव एवं गौरव होती को नियुक्त किया गया है। मंत्री महेश वर्फ़ा, पियुष मूणत, चिंटू पाटीदार (सीपी) अमरसिंह डावर, श्रीमती मंजुला मेहता एवं आशीष सोनी को दायित्व दिया गया है।




कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दीपक परमार को सौंपी गई है, जबकि कार्यालय मंत्री श्रीमती अलका सोनी नियुक्त हुई हैं।

मीडिया प्रभारी दिलीपसिंह चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी, राहुल जैन, आईटी सेल प्रभारी जितेंद्र प्रजापत को जिम्मेदारी दी गई है।

मन की बात प्रभारी ओमप्रकाश सोनिगर एवं सह प्रभारी श्रीमती चेनाबाई डामर को बनाया गया है। हितग्राही प्रमुख श्रीमती अनीता चौहान तथा व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख जितेंद्र मकवाना को नियुक्त किया गया है।

नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता और केंद्र-राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह चौहान ने दी।

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा दो आदतन अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5 (क, ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में लोक-शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से दो आदतन अपराधियों को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेशानुसार अनावेदक बुवारिया पिता कोदर डामर, निवासी ग्राम मोईचारणी, जिला झाबुआ तथा अनावेदक विशाल पिता राजेश डामोर, निवासी आवास कॉलोनी, मेघनगर, जिला झाबुआ को आदेश प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर झाबुआ जिले की राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती जिले धार, रतलाम, आलीराजपुर एवं बड़वानी की राजस्व सीमाओं से बाहर जाना होगा। उक्त आदेश छह माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। इस अवधि में सक्षम न्यायालय की पूर्व लिखित अनुमति के बिना संबंधित क्षेत्रों में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस अधीक्षक जिला झाबुआ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदक बुवारिया पिता कोदर डामर, निवासी ग्राम मोईचारणी, थाना पेटलावद, आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। इसके विरुद्ध थाना पेटलावद में मारपीट सहित विभिन्न प्रकरण दर्ज हैं। वर्ष 1998 से यह थाना क्षेत्र पेटलावद में आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है।

इसके विरुद्ध पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई, किंतु व्यवहार में सुधार परिलक्षित नहीं हुआ।

## स्थाई वारंटी को जहरीली शराब के किया गिरफ्तार

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** भाटपचलाना पुलिस ने स्थाई वारंटी को जहरीली शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दरअसल भाटपचलाना को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चिरोला में न्यू टेलेंट एकेडमी स्कूल के पीछे अपने हाथ में एक थैली में कच्ची महुआ शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर थाने से सउनि. शैतानसिंह डिण्डौर, प्रआर 773 पुष्पराज, आर. 1835 राजेश सोयल को तत्काल रवाना किया गया मुखबीर द्वारा बताये स्थान न्यू टेलेंट एकेडमी स्कूल के पीछे पहुंचे जहाँ पर एक व्यक्ति अपने हाथ में एक प्लास्टिक वैली लिये खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने



लगा जिसे हमराह फोर्स की मदद से पंचानी के समक्ष घेराबंदी कर पकड़ा ओर उसका नाम पता पूछते उसने अपना नाम सुरेश पिता अम्बाराम वर्मा जाति बरगुण्डा उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम चिरोलाकला का होना बताया तथा उसके हाथ में ली गई प्लास्टिक थैली को पुलिस कब्जे लेकर बैंक करते थैली के अंदर एक पांच लीटर क्षमता वाली तेल की केन में तरल पदार्थ भरा हुआ पाया गया जिसका ढक्कन खोलकर सुंधकर देखा तो उसमें हाथ भट्टी से बनी हुई कजी महुआ शराय की बहुत तीखी व तेज गंध आ रही थी तथा केन में करीबन 05 लीटर कच्ची महुआ शराब भरी होना पाई गई। आरोपी के कब्जे से 5 लीटर कच्ची महुआ की जहरीली शराब जप्त की गयी एवं आरोपी सुरेश को गिरफ्तार किया जाकर थाने पर असल अपराध क्र. 50/2026 धारा धारा-49ए, 34(1) आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी सुरेश के विरुद्ध थाना भाटपचलाना पर एक वर्ष से स्थाई वारंट लंबित था। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का होकर इसके विरुद्ध पूर्व से थाना भाटपचलाना पर 16 अपराध पंजीबद्ध है। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

आपराधिक प्रवृति- सुरेश पिता अम्बाराम वर्मा जाति बरगुण्डा उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम चिरोलाकला आपराधिक पृवत्ति का होकर इसके विरुद्ध थाना भाटपचलाना पर मारपीट, जुआ, सट्टा, आर्म्स एक्ट एवं अवैध शराब के कुल 16 अपराध पंजीबद्ध है।

सराहनीय भूमिका- थाना प्रभारी भाटपचलाना उनि. सतेन्द्र सिंह चौधरी, सउनि शैतानसिंह हिण्डोर, प्रआर. 773 पुष्पराज सिंह, आर. 1835 राजेश सोयल, आर. 736 मुकेश नागर।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की विस्तृत बैठक सम्पन्न, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था, आपसी सौहार्द्र एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखते हुए सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना रहा।

बैठक में उपस्थित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए तथा विगत वर्षों में त्योहारों के दौरान उत्पन्न हुई समस्याओं एवं व्यवस्थागत चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन देते हुए शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक में जानकारी दी गई कि 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि, 18 फरवरी से रमजान प्रारंभ, 24 फरवरी से 02 मार्च तक भगोरिया पर्व, 02 मार्च को होलिका दहन, 03 मार्च को धुलेंडी एवं गल-चूल पर्व, 08 मार्च को रंगपंचमी, 11 मार्च को शीतला सप्तमी, 20 मार्च को जमात-उल-विदा, 21 मार्च को ईद-उल-फितर (चांद दिखने पर निर्भर), 31 मार्च को महावीर जयंती, 03 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 20 अप्रैल को परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया तथा 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सहित अन्य पर्व आयोजित किए जाएंगे।

इन आयोजनों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संपूर्ण जिला झाबुआ क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इसके तहत असामाजिक तत्वों, आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों एवं निहित स्वार्थी तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जाएगी।

कलेक्टर नेहा मीना ने सभी नागरिकों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले की पहचान आपसी भाईचारे एवं सांस्कृतिक समरसता से है, जिसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार के जुलूस, रैली, मेला या सार्वजनिक आयोजन हेतु पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आयोजन की संपूर्ण जवाबदेही आयोजन समिति की रहेगी। अनुभाग एवं थाना स्तर पर भी शांति समिति की बैठक आयोजित कर स्थानीय स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं।

मेला आयोजन के संबंध में बताया गया कि जिला एवं अनुभाग स्तर पर मेला समितियों का गठन किया गया है। निर्धारित शर्तों, सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति के पश्चात ही अनुमति प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जुलूस मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर सड़कों का मरम्मतीकरण, झाड़ियों की कटाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत तारों की सुरक्षा एवं अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# गरोठ पुलिस ने लूट के एक आरोपी को किया गिरफ्तार, कई वाहन बरामद, तस्दीक जारी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गरोठ थाना पुलिस ने बर्डिया इस्तमुरार निवासी युवक के साथ हुई लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कई वाहन भी मिले हैं, जिन्हें थाने लाकर तस्कदीक की जा रही है। लूट की रकम में से पांच हजार नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 27 जनवरी को गरोठ थाने पर राहुल पिता रघुनाथ मेघवाल 28 वर्ष निवासी ग्राम बर्डिया इस्तमुरार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि पूर्व में उससे धारासिंह पिता तेजसिंह सौंधिया निवासी ग्राम खजूरी दौड़ा द्वारा उसकी मोटरसाईकिल की किश्त नहीं भरने का बोलकर कंपनी में जमा नहीं कराई तथा अपने पास रख ली। उसी बाईक को छोड़ने के लिए दस हजार रुपए की मांग की गई। फरियादी जब रुपए लेकर ग्राम वारनी फंटा के आगे बाईक लेने हेतु पहुंचा, तब वहां पर आरोपी धारासिंह सौंधिया ने डरा धमकाकर दस हजार रुपए छीन लिए एवं बाईक के साथ भाग गया। प्रकरण में पुलिस ने तहकीकात शुरू की, जिसमें आरोपी की धरपकड़ हेतु टीमें रवाना की गई। घटनास्थल व आसपास के फूटेज चेक किए गए। आरोपी धारासिंह पिता तेजसिंह सौंधिया निवासी खजूरी दौड को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से बाईक एवं दस हजार में से पांच हजार रुपए बरामद किए गए। आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें उसने कई बाईक व ट्रेक्टर के बारे में बताया। इस पर उसके बताए अनुसार एक ट्रेक्टर, एक स्विफ्ट कार एवं बिना नंबर की मोटरसाईकिलें तस्दीक हेतु थाना परिसर लाया गया। गरोठ थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय ने बताया कि मामले की तस्दीक की जा रही है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना 2027 की तैयारियों, प्रशासनिक व्यवस्था, प्रशिक्षण एवं डिजिटल प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनगणना 2027- भारत की जनगणना देश के नागरिकों की विभिन्न विशेषताओं से संबंधित सांख्यिकीय जानकारी का सबसे बड़ा स्रोत है। वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली जनगणना वर्ष 1872 से 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी। पूर्व में अंतिम जनगणना वर्ष 2011 में संपन्न हुई थी। जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल होगी, जिसमें मोबाइल एप्लीकेशन एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आंकड़ों का संकलन, प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग की जाएगी।

प्रशासनिक व्यवस्था- राष्ट्रीय स्तर पर भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त जनगणना कार्य का संचालन करेंगे। राज्य स्तर पर जनगणना निदेशालय के निदेशक इसकी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य सचिव के अधीन नोडल अधिकारी (सचिव, गृह) केंद्र एवं राज्य के मध्य समन्वय स्थापित करेंगे। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। तहसील एवं नगरीय स्तर पर चार्ज अधिकारी (तहसीलदार/नगर पालिका अधिकारी) जिम्मेदारी निभाएंगे। इनके अधीन प्रगणक एवं पर्यवेक्षक कार्य करेंगे, जिनमें शिक्षक, राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों के फील्ड कर्मचारी शामिल होंगे।

जिला झाबुआ की प्रशासनिक इकाइयाँ- जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला झाबुआ में 6 तहसीलें, 5 नगरीय निकाय एवं 821 ग्राम शामिल हैं, जिनमें जनगणना कार्य संपादित किया जाएगा।

प्रशिक्षण व्यवस्था - जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण प्रस्तावित है। इसमें जिला स्तरीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक सम्मिलित होंगे।

जनगणना के चरण एवं समय-सीमा- जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकान गणना) ־ 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक।

द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) ־ फरवरी 2027 में जिसकी संदर्भ तिथि 01 मार्च 2027 को रात्रि 00־00 बजे निर्धारित की गई है।

प्रथम चरण की अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में 07 जनवरी 2026 को प्रकाशित की गई है तथा राज्य शासन द्वारा 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि निर्धारित कर इसका प्रकाशन मध्यप्रदेश राजपत्र में किया जा चुका है। प्रश्नावली का प्रकाशन भी भारत एवं मध्यप्रदेश राजपत्र में नियमानुसार किया गया है।

डिजिटल टूल्स का उपयोग - जनगणना 2027 में HLO App , Self Enumeration पोर्टल, CMMS (Census Management and Monitoring System) पोर्टल एवं HLBC (House listing block creator) वेब मैप एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। आंकड़ों का संग्रहण प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा मोबाइल के माध्यम से किया जाएगा।

प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को चरण-1 हेतु 9000 रुपये एवं चरण-2 हेतु 16000 रुपये मानदेय निर्धारित है। पूर्ण कार्य हेतु कुल 25,000 रुपये का प्रावधान किया गया है।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय-सीमा (TL) बैठकों में जनगणना कार्य को स्थायी एजेंडा बिंदु के रूप में शामिल किया जाए। डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण देने में सक्षम मास्टर ट्रेनर्स एवं फील्ड ट्रेनर्स का चयन किया जाए।चार्ज स्तर पर आवश्यकतानुसार प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

# सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस थाना नीमच केंट को बड़ी सफलता

## दिनदहाड़े चोरी का चंद घंटों में खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल व मश्रुका जब्त

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस थाना नीमच केंट ने 10 फरवरी 2026 को शिक्षक कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात का चंद घंटों में पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, उपकरण एवं चोरी गया मश्रुका जब्त किया गया है।



जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी एवं धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

घटना का विवरण- फरियादी सुरेन्द्र पटवा ने थाना नीमच केंट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे वे अपने घर के आगे बने कार्यालय में कार्य कर रहे थे। मकान के मुख्य गेट पर ताला लगा था। इसी दौरान पीछे के कमरे से खटपट की आवाज सुनाई दी। शंका होने पर वे बाहर पड़ोसी को बुलाने निकले, तभी दो व्यक्ति पीछे के कमरे से निकलकर भागते दिखाई दिए। अंदर जाकर देखने पर सामान बिखरा मिला, अलमारी खुली थी और पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था।

प्रकरण में अपराध क्रमांक 66/26 धारा 305-ए, 331(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

ऐसे हुआ खुलासा- घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर तत्काल जांच शुरू की गई। घटना स्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें दो युवक घर से भागते दिखाई दिए। शहर में उनके भागने के मार्ग के फुटेज भी खंगाले गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान मुकेश काछी एवं सोहिल (निवासी पशु हॉट मैदान, नीमच) के रूप में हुई। दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उन्होंने घटना में संलिप्तता स्वीकार की तथा बताया कि संजय बागरी मोटरसाइकिल लेकर कुछ दूरी पर इंतजार कर रहा था। इसके बाद संजय बागरी को भी गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

**जब्त मश्रुका-** घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चोरी के उपकरण, चोरी गया मश्रुका

**गिरफ्तार आरोपी-** सोहिल पिता रणछोड़, उम्र 19 वर्ष, मुकेश पिता प्रभात काछी, उम्र 19 वर्ष, संजय पिता दलसुख बागरी, उम्र 19 वर्ष

उल्लेखनीय- विगत 15 दिनों में पुलिस थाना नीमच केंट टीम द्वारा चैन स्नेचिंग एवं दुकान से 50 हजार रुपये से भरे बैग चोरी की वारदातों का भी सफल खुलासा किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी सहित पुलिस थाना नीमच केंट टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर बैंठक आयोजित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड रामा जिला झाबुआ द्वारा सेक्टर खरडूबड़ी में प्रस्फुटन समितियों की बैंठक का आयोजन नवांकुर संस्था मानव कल्याण एवं सामाजिक संस्था द्वारा किया गया। सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक में परिषद के जिला समन्वयक श्री प्रेमसिंह चौहान विकास खण्ड समन्वयक श्री तेजसिंह देव द्वारा समीक्षा की गई।

जिला समन्वयक प्रेमसिंह चौहान द्वारा समिति कार्यो एवं नवांकुर की प्रगति की जानकारी दी गई प्रस्फुटन समितियों के कार्य करने की आवश्यकताओं एवं आदर्श ग्राम, सामाजिक समरसता को उदाहरण देकर समझाया गया छात्र-छात्राओं के फील्ड वर्क, मेन्टर्स की कार्य योजना की जानकारी दी गई।

समीक्षा बैठक में विकासखण्ड रामा के सेक्टर खरडू बड़ी की समस्त नवांकुर संस्था प्रमुख सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव परामर्शदाता सेक्टर के छात्र उपस्थित रहें। श्री तेजसिंह देव द्वारा जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण केन्द्र एवं राज्य शासन की योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई समीक्षा बैठक का संचालन मेंटर्स श्रीमती कांति व्यास ने किया एवं आभार प्रदर्शन समिति अध्यक्ष श्री कांप सिंह भुरिया ने माना।

इस अवसर पर समिति के सदस्य श्री लाल सिंह नलवाया, श्री कालिया परमार, श्री राजेश चौहान मुकेश, श्री दिलीप, श्री मुकेश गोहरी, रेश्मा भुरिया, श्री राहुल बारिया मेन्टर्स क्रान्ति व्यास, श्री अर्पित भुरिया, श्री अर्जुन भाबोर सोशल इंटर्न सेक्टर प्रभारी श्री दिलीप बामनिया छात्र श्री गोरव रावत, श्री राजु बामनिया उपस्थित रहें।

# जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णव ने किया लहसुन प्रसंस्करण ईकाई का निरीक्षण

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना तहत चंगेरा में स्थापित लहसुन प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया गया। यह इकाई श्री पूरबसिंह पिता श्री पुनीत सिंह, निवासी नीमच द्वारा चंगेरा कृषि उपज मंडी के पास स्थापित की गई है।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णव ने हितग्राही से इकाई की स्थापना लागत, प्राप्त अनुदान, बैंक ऋण तथा संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की। हितग्राही ने बताया, कि इकाई की कुल लागत 34 लाख रुपये है, जिसमें 30 लाख रुपये बैंक ऋण के रूप में तथा 10 लाख रुपये शासन द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान किए गए हैं।

योजना का लाभ प्राप्त कर हितग्राही आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुआ है तथा नियमित रूप से बैंक ऋण की किश्तों का भुगतान कर रहा है। उक्त इकाई के माध्यम से 7 से 8 स्थानीय महिलाओं को रोजगार भी प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री संदीप कुमार प्रजापत तथा जिला रिसोर्स पर्सन (PMFME योजना) श्री सुभाष चंद्र शर्मा उपस्थित थे। उल्लैखनीय है, कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जिले में स्थापित इकाइयाँ स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं और किसानों एवं उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत सैंट्रिंग का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर हुआ नीरज

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले में बाछड़ा समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में संचालित पंख अभियान नीमच के तहत जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाया जाकर, उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। पंख अभियान के तहत नीमच जिले के मनासा विकासखण्ड के गांव तलाउ निवासी युवक नीरज पिता कमल कर्मावत को म.प्र.शासन की संत रविदास स्वरोजगार योजना तहत 3 लाख 75 हजार रूपये का ऋण प्रदान किया गया है। यह ऋण राशि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कुकडेश्वर द्वारा प्रदान की गई है। इस योजना के तहत मिली ऋण राशि से नीरज, सेंट्रिंग का कार्य कर, प्रतिमाह 15 से 20 हजार रूपये की घर बैठे आमदनी प्राप्त कर रहा हैं। अब नीरज आत्मनिर्भर बन गया हैं। पंख अभियान के तहत संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत मिली मदद से नीरज मकान निर्माण में सेंट्रींग का कार्य कर, अपने परिवार की आजीविका चला रहा हैं। इस मदद के लिए वह मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव व जिला प्रशासन को धन्यवाद दे रहा हैं।

# मनासा में कालोनी विकास की अनुमति जारी

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनासा की अनुशंसा पर आवेदक, कॉलोनाईजर दिलीप कुमार पिता मागीलाल वर्मा को मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 के तहत कस्बा मनासा स्थित भूमि सर्वे नं.315/1/1 रकबा 0.807 हे.व सर्वे नं. 315/1/2 रकबा 0.002 कुल रकबा 0.809 हे.भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु आवासीय कॉलोनी मालवा पेराडाईज को विकसित करने की अनुमति सशर्त जारी की गई है। कलेक्टर द्वारा कस्बा मनासा स्थित कॉलोनी मालवा पेराडाईज के बंधक भूखण्ड क्रं.5 से लगायत 16 व 29 लगायत 53 जिनका कुल क्षेत्रफल 3295 वर्ग मीटर नगर परिषद के पास बंधक रखे गये है। उक्त बंधक रखे गए भूखण्ड का किसी भी प्रकार से कलेक्टर की अनुमति के बिना विक्रय नहीं किया जाएगा।

# जावद में कालोनी विकास की अनुमति जारी

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद की अनुशंसा पर आवेदक, कॉलोनाईजर को मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 के जावद स्थित भूमि सर्वे नं.2078 रकबा 2.038 हे., में से रकबा 2.009585 हे., सर्वे नं.2079/1 रकबा 0.026 हे. भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु आवासीय कॉलोनी अवध रेसीडेंसी को विकसित करने की सशर्त अनुमति जारी गई है। कलेक्टर द्वारा जावद स्थित कॉलोनी अवध रेसीडेंसी के बंधक भूखण्ड क्रं.19 से लगायत 22, 41, 51, 52, 54, 55, 57, 58, 63, 64, 65, 66, 69, 70, 83, 84, 85, 86, 103, 104, 105, 106, 107 कुल 26 भूखण्ड व क्षेत्रफल 3154.96 वर्ग मीटर नगर परिषद के पास बंधक रखे गये है। उक्त बंधक रखे गए भूखण्ड का किसी भी प्रकार से कलेक्टर की अनुमति के बिना विक्रय नहीं किया जाएगा।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 16 फरवरी को

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी समिति बैठक 16 फरवरी 2026 को सायं 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंधाना में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की



**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 14 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंधाना में आयोजित कार्यक्रम में लाडली बहना योजना की हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से माह फरवरी की राशि ट्रांसफर करेंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बुधवार शाम को पंधाना में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियो की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, सहायक कलेक्टर डॉक्टर श्री कृष्णा सुशीर के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी एवं श्री महेंद्र तारणेकर एसडीएम पंधाना सुश्री दीक्षा भगोरे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को 14 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए । उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पंधाना को कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई के, यातायात पुलिस के अधिकारियों को वाहन पार्किंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग के लिए कलेक्टर श्री गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अस्थाई चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों के आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थित तरीके से बैठक व्यवस्था के संबंध में निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए।

# कलेक्टर द्वारा मेले एवं एम्यूजमेंट राइड्स की सुरक्षा हेतु जिला एवं अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसी भी मेले, झूले अथवा मनोरंजन स्थलों पर अव्यवस्था या भगदड़ जैसी घटनाओं की रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए गए हैं। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिले में आयोजित होने वाले एम्यूजमेंट राइड्स/मेले/मनोरंजन स्थल/गेमिंग जोन आदि के प्रभावी पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण के लिए जिला एवं अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

जिला स्तरीय समिति- जिला स्तर पर गठित समिति में अपर कलेक्टर/अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला झाबुआ को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदस्य होंगे तथा कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सदस्य सचिव रहेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तथा परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह समिति जिले में आयोजित होने वाले समस्त मेलों एवं मनोरंजन गतिविधियों की समुचित निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित करेगी।

अनुभाग स्तरीय समिति- अनुभाग स्तर पर मेले/एम्यूजमेंट राइड्स/मनोरंजन स्थल/गेमिंग जोन आदि के लिए अनुमति जारी करने हेतु समिति गठित की गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अनुज्ञापन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। समिति में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (भवन), अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (विद्युत एवं यांत्रिकी), तहसीलदार/नायब तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, संबंधित थाना प्रभारी, सहायक यंत्री म.प्र. विद्युत मंडल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (नगर पालिका/परिषद) तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सदस्य बनाया गया है।

अनुमति की प्रक्रिया एवं आवश्यक प्रावधान - मेले/मनोरंजन स्थल/गेमिंग जोन/एम्यूजमेंट राइड्स के आयोजकों को आयोजन हेतु संबंधित अनुज्ञापन प्राधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/अनुविभागीय दण्डाधिकारी) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। समिति द्वारा प्राप्त आवेदन की तकनीकी एवं भौतिक परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर परीक्षण किया जाएगा।

अनुमति से पूर्व बिंदुओं का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। मेले का विधिवत ले-आउट तैयार किया जाना। झूलों की गुणवत्ता एवं भार क्षमता का परीक्षण तथा अधिकतम भार क्षमता संबंधी सूचना-पट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना। आगमन एवं निर्गम हेतु पर्याप्त मार्ग एवं खुला स्थान सुनिश्चित करना। भगदड़ अथवा आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी एवं आपदा प्रबंधन योजना (श्वद्वद्गह्म्द्दद्गठ्ठष्4 क्षद्यड्ढठ्ठ) तैयार करना। अग्निशमन यंत्र, फायर ब्रिगेड, पानी के टैंक, रेत आदि की पर्याप्त व्यवस्था। अस्थायी अस्पताल/डिस्पेंसरी की व्यवस्था। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती। झूलों के बीच पर्याप्त दूरी (गैप) सुनिश्चित करना। प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखना एवं किसी भी प्रकार के अवैध विद्युत कनेक्शन पर प्रतिबंध। फायर सेफ्टी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत एवं यांत्रिकी, नगरपालिका/ग्राम पंचायत आदि से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (ह्रह्रष्ट) प्राप्त करना। मेले में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करना एवं आमजन हेतु हेल्प डेस्क की व्यवस्था। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि का संचालन न होना सुनिश्चित करना तथा समय-समय पर निरीक्षण करना।

अनुभाग स्तरीय समिति द्वारा उपरोक्त बिंदुओं पर संतोषजनक प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत ही अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जन-सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी आयोजकों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# शिवनवरात्रि के 6 दिनों में साढ़े 8 लाख से अधिक लोगों ने किए दुल्हा बने महाकाल के दर्शन

## इस बार तिथि बढने के कारण 10 दिन मनाया जा रहा पर्व - रोज महाकाल को चंदन और मां पार्वती को लगाई जा रही हल्दी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकालेश्वर मंदिर में पिछले शुक्रवार से महाशिवरात्रि पर्व की शुरुआत हो चुकी है और बुधवार को इसका छटा दिन था। शुरुआती 6 दिनों में ही दुल्हा बने भगवान महाकाल के साढ़े 8 लाख से अधिक लोग दर्शन कर चुके हैं। इस दौरान प्रतिदिन दूल्हा बने भगवान महाकाल को चंदन और केसर तथा माता पार्वती को हल्दी लगाई जा रही है।

महाकाल में शिव नवरात्रि पर्व की शुरुआत 6 फरवरी से हो गई है और यह 15 फरवरी शिवरात्रि तक चलेगा। महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में फाल्गुन कृष्ण पंचमी से चतुर्दशी तक शिव विवाह का उत्सव मनाया जाएगा। उत्सव की इस श्रृंखला में भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनेगी और 14 फरवरी की रात 2 बजकर 30 मीनट पर मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे जो सतत 44 घंटे 16 फरवरी की रात 2 बजे तक खुल रहेंगे। सहायक प्रशासनिक अधिकारी मूलचंद जूनवाल ने बताया कि शिवनवरात्रि के पहले दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने महाकाल के दर्शन किए थे। जबकि दूसरे दिन शनिवार को यह आंकड़ा 1.5 लाख तक पहुंच गया था। तीसरे दिन रविवार को लगभग 2 लाख लोग दर्शन करने पहुंचे थे। चौथे दिन सोमवार को भी करीब इतने ही लोगों ने भगवान के दर्शन किए थे। जबकि पांचवे दिन मंगलवार और बुधवार को भी को 1-1 लाख से अधिक भक्त यहां आए थे। पर्व के शुरुआती 6 दिनों में 8 लाख 50 हजार से अधिक लोग महाकाल दर्शन कर चुके हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि तक यह आंकड़ा 12 लाख से अधिक पहुंचने का अनुमान है। इधर आज पर्व के छटे दिन भगवान का होलकर स्वरूप में श्रृंगार किया गया। आज भी सुबह से मंदिर में भारी भीड़ उमड़ रही थी।

# रेलवे ट्रैक पर मिली राजगढ़ के युवक की कटी लाश



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रात में रेलवे ट्रैक से मिली लाश राजगढ़ के रहने वाले युवक की होना सामने आई है। भाई ने उसकी पहचान की। मृतक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और दो दिन से लापता था।

बताया जा रहा है कि रात में जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटने पर मौत होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक की बॉडी को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। उसके पास से कुछ दस्तावेज मिले थे जिसके आधार पर पहचान की प्रयास की गई। सुबह राजगढ़ के जीरापुर से भाई अर्जुन उज्जैन पहुंच और मृतक की पहचान धर्मेंद्र पिता कालूराम 32 साल निवासी गांधी बस्ती के रूप में की। भाई ने बताया कि 2 दिन से लापता था जिसकी तलाश की जा रही थी। धर्मेंद्र का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था पुलिस ने आशंका जताई है कि संभवत मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने पर रेलवे ट्रैक से गुजरते समय उसके साथ हादसा हुआ है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

मोबाइल से हुई मृतक की पहचान- सोमवार मंगलवार रात इंदौर रोड स्थित इंपीरियल होटल के सामने अज्ञात वाहन ने एक युवक को कुचल दिया था। नीलगंगा पुलिस ने मृतक युवक के पास से मोबाइल बरामद किया था। जिसके आधार पर उसकी पहचान अमित पिता राजू रायकवार निवासी खंडवा के रूप में की। परिजनों से आने पर सामने आया कि अमित से ड्राइवरी करता था और इंपीरियल होटल में आयोजित शादी के दौरान मेहमानों को लेकर आया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। परिजनों ने उज्जैन में ही बीती शाम अंतिम संस्कार कराया।

# बंद हो चुकी वाहन निर्माता कंपनियों का डेटा नहीं, फिटनेस-परमिट अटके

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता में अनेक परेशानियां



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता में वाहन मालिकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल अनेक वाहन कंपनियों के बंद हो जाने से पोर्टल पर उनका डेटा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में फिटनेस-परमिट और आरटीओ संबंधित काम अटक रहे हैं।

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को अनिवार्य किए जाने के बाद बंद हो चुकी वाहन निर्माता कंपनियों के हजारों वाहन मालिक बड़ी प्रशासनिक परेशानी में फंस गए हैं। निर्माता कंपनी का अस्तित्व ही न होने के कारण एचएसआरपी पोर्टल पर वाहन का डेटा है ही नहीं। बता दें कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम के नियम 50 के तहत सभी दोपहिया, चार पहिया, व्यावसायिक वाहनों पर एचएसआरपी अनिवार्यता लागू की गई है। एचएसआरपी केवल परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत वेंडर के ऑनलाइन पोर्टल के जरिए, वाहन निर्माता के डेटा के आधार पर ही मिलती है। प्लेट नहीं लगाने पर चालान के साथ फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट नवीनीकरण और अन्य वैधानिक प्रक्रियाएं रोकी जा सकती हैं। जो वाहन निर्माता कंपनियां बंद हो चुकी हैं, उनके वाहनों का डेटा पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होने से एचएसआरपी के लिए आवेदन संभव नहीं हो पा रहे हैं। परिवहन विभाग ने फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट नवीनीकरण और अन्य वैधानिक प्रक्रियाएं रोक रखी हैं। उज्जैन में ही ऐसे करीब 500 वाहन हैं, जबकि प्रदेशभर में यह संख्या 55 हजार से ज्यादा बताई जा रही है। इसके बाद विभाग ने इन वाहन स्वामियों के हित में इतने दिन बाद भी कोई फैसला नहीं किया है। इसे लेकर एएमडब्ल्यू कंपनी के ट्रक के वाहन स्वामी ने विभाग के अफसरों और मंत्री से शिकायत की है। उनका कहना है कि एएमडब्ल्यू कंपनी वर्षों पहले बंद हो चुकी है, जिससे अधिकृत एचएसआरपी प्रणाली में आवेदन संभव नहीं हो पा रहा। यह स्थिति वाहन स्वामी के दायरे से बाहर है। इसके बाद भी विभाग ने फिटनेस और परमिट रोक दिया है। विभाग की ओर से ऐसा किया जाना, प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों के खिलाफ है।

# उज्जैन में पहली बार सजा 'महाकाल वन मेला'

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया शुभारंभ, समृद्ध वन, खुशहाल जन थीम पर 16 फरवरी तक चलेगा



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार आयोजित महाकाल वन मेला का शुभारंभ बुधवार शाम दशहरा मैदान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। समृद्ध वन, खुशहाल जन थीम पर आयोजित यह मेला 11 से 16 फरवरी तक चलेगा। उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने एमएफपी पार्क द्वारा तैयार प्राकृतिक होली रंग-गुलाल, महाकाल स्मृति उपहार का विमोचन किया और वन विभाग की नई पहल महाकाल वन प्रसादम की शुरुआत भी की।

कार्यक्रम में वन, पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही.एन. अंबाडे, प्रबंध संचालक डॉ. समिता राजौरा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने वन मंडलाधिकारी एवं जिला यूनियन दक्षिण पन्ना के प्रबंध संचालक और वन रक्षक को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया।

वनवासियों की आजीविका से जुड़ा बड़ा आयोजन - इस मेले का उद्देश्य प्रदेश के वनवासियों द्वारा एकत्र की जाने वाली अकाष्ठीय वनोपज (जैसे शहद, हर्रा, बहेरा, आंवला, गोंद, जड़ी-बूटियां आदि) के संरक्षण, संवर्धन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देना है। वन मेला प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा।

मेले में अकाष्ठीय वनोपज संग्राहक, वन धन केंद्र, प्राथमिक लघु वनोपज समितियां, हर्बल और आयुर्वेदिक उद्योगों के प्रतिनिधि अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कर रहे हैं। प्रदेश की लाखों ग्रामीण आबादी की आजीविका इन वनोपजों पर निर्भर है।

250 से अधिक स्टॉल, हर वर्ग के लिए खास इंतजाम - मेले में करीब 250 आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, प्राथमिक लघु वनोपज समितियां, वन धन केंद्र, निजी स्टॉल धारक और फूड जोन शामिल हैं। इसके अलावा आगंतुकों की सुविधा के लिए किड्स जोन, व्हील चेयर, गोल्फ कार्ट, बैठने की व्यवस्था, वॉटर प्वाइंट और सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। महाकाल मंदिर से मेला परिसर तक निःशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध कराई गई है।

चीता परिवार और डायनासोर बना आकर्षण - मेले में चीता परिवार और डायनासोर के विशाल स्कल्पचर लोगों को खास आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों के लिए मनोरंजक किड्स जोन तैयार किया गया है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हील चेयर और गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध है।

फूड जोन में बांधवगढ़ का गोंडी व्यंजन, छिंदवाड़ा का वन भोज रसोई और अलीराजपुर का दाल पानिया खास आकर्षण का केंद्र हैं।

आयुर्वेदिक परामर्श और सांस्कृतिक कार्यक्रम- मेले में आयुर्वेदिक डॉक्टरों और परंपरागत वैद्यों द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श (ओपीडी) की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अलग से बैठक व्यवस्था भी बनाई गई है। साथ ही क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक भोज्य पदार्थों का आनंद भी आगंतुक उठा सकेंगे।

## हिरदेश्वर महादेव मंदिर में प्रारंभ हुआ श्री शिव-शक्ति महायज्ञ, महाशिवरात्रि पर होगी पूर्णाहुति

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हीरा मिल परिसर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर (पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव) में चल रहे 10 दिवसीय शिखर कलश स्थापना महोत्सव के अंतर्गत बुधवार, 11 फरवरी से 'श्री शिव-शक्ति महायज्ञ' का शुभारंभ हुआ। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होगी।

त्रिवेणी संगम में गोते लगा रहे भक्त- युवा मंच सत्संग समिति के अनुसार, मंदिर परिसर में ज्ञान और भक्ति की त्रिवेणी बह रही है। भाई जी प्रदीप जी महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जा रहा है।

इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीश्री 1008 भागवतानंद गिरि जी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा सुनाई जा रही है। प्रतिदिन आरती के बाद श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है।

संतों और समाज के वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान कथा के चौथे दिवस की आरती के दौरान अखिल भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर परमार और समाज के वरिष्ठजनों ने व्यास पीठ पर विराजित महाराज श्री का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं उनके परिवार द्वारा भी संतों और मंच के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

सहयोग राशि भेंट की अजीत मंगलम के अनुसार कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था में सहयोग प्रदान करते हुए श्रीमती चंद्रकला शर्मा द्वारा 25,000 रुपये की राशि भेंट की गई।

## वेलेंटाईन डे से पहले गुलाब की कलियां हुई महंगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वेलेंटाइन डे अभी आने में कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन इससे पहले ही फूलों के बाजार में गुलाब की कीमतों ने रफ्तार पकड़ ली है। उज्जैन की थोक फूल मंडी में बुधवार सुबह डच गुलाब की एक कली 30 से 35 रुपये प्रति नग तक बिकी, जिससे खुदरा बाजार में कीमतें और बढने की संभावना जताई जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि 14 फरवरी के दिन गुलाब के दाम और ऊंचे पहुंच सकते हैं।

थोक फूल व्यवसायी अभिषेक दयाल ने बताया कि वेलेंटाइन डे को लेकर शहर में पहले से ही मांग बढने लगी है। खासतौर पर डच गुलाब, जो प्रेम दिवस पर सबसे अधिक पसंद किया जाता है, उसकी आवक सीमित होने के कारण दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। बाहर से आने वाले गुलाब की लागत बढने और परिवहन खर्च के चलते भी कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। हालांकि गुलाब भले ही महंगा हो रहा हो, लेकिन थोक मंडी में देशी फूलों की बंपर आवक से ग्राहकों को कुछ राहत जरूर मिल रही है। बिजली का फूल, गेंदा और देशी गुलाब भरपूर मात्रा में मंडी में पहुंच रहे हैं, जिससे इनके दाम फिलहाल नियंत्रण में हैं। बुधवार की सुबह बिजली का फूल 25 से 30, गेंदा फूल 50 से 60 और गुलाब 80 से 100 रुपए प्रतिकिलो तक बिका।

# सास अस्पताल से लौटी तो फंदे पर लटकी मिली बहू

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** घर में अकेली नवविवाहित बहू में फांसी लगा ली। सास अस्पताल से लौटी तो उसने फंदे पर लटका पाया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जूना सोमवारिया में रहने वाली जरीना बी ने शाम को अस्पताल गई हुई थी। जब वापस घर लौटी तो उसने अपनी बहू रिजवाना बी पति शाहनवाज 22 साल को कमरे में फंदे पर लटका देखा। रिजवाना ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। सास ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। रिजवाना को फंदे से उतारा गया और अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जीवाजीगंज पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रिजवाना की अप्रैल 2025 में शादी हुई थी। पति छत्रीचौक पर कटलरी की दुकान लगाता है। मायका महिदपुर में था। घर में कोई परेशानी नहीं थी। रिजवाना ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। मायके पक्ष के भी बयान दर्ज किए जाएंगे।

युवक ने भी लगाई फांसी- नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरुपति प्लैटिनम कॉलोनी में रहने वाले दीपेश पिता हीरालाल सोलंकी 21 वर्ष में मंगलवार बुधवार रात फांसी लगा ली। मां प्रेमलता ने उसे फंदे पर लटका देखा तो आसपास के लोगों को बुलाया। रात 2 बजे पुलिस घटनास्थल पहुंची। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा था कि दीपेश का अविवाहित था और शराब पीने का आदि था।

# पीपीपी मॉडल पर संचालित होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना

## फिलहाल संसाधन, स्टॉफ और बजट मंजूरी का इंतजार - अप्रैल से शुरु करने की है योजना

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना की तैयारी अब उज्जैन संभाग में भी तेज हो गई है। योजना को धरातल पर उतारने के लिए उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (यूसीटीएसएल) के बोर्ड का पुनर्गठन कर दिया गया। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के सीईओ संदीप सोनी को कंपनी का कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है। हालांकि अभी इसके लिए कोई बजट निर्धारित नहीं किया गया है और न ही कार्यालय की व्यवस्था है। स्टॉफ में भी केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति है। बावजूद इसके संदीप सोनी का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को पीपीपी मॉडल के आधार पर सफलता से संचालित करने के प्रयास करेंगे।

नई वित्तीय वर्ष अप्रैल से प्रदेश में शुरू होने जा रही इस योजना के तहत सार्वजनिक परिवहन को व्यवस्थित, सुलभ और भरोसेमंद बनाने पर जोर रहेगा। उज्जैन संभाग के आठ जिलों में इस योजना के तहत बस सेवाएं शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

यूसीटीएसएल के नए बोर्ड में उज्जैन संभाग के उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास, नीमच, मंदसौर और आगर-मालवा जिलों के कलेक्टर, संबंधित महापौर, नगर निकाय प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। इससे योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक समन्वय मजबूत होगा।

सात रीजनल कंपनियों के जरिए चलेगी व्यवस्था - कार्यकारी निदेशक संदीप सोनी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना को पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर सफलतापूर्वक संचालित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि निजी सहभागिता के माध्यम से योजना को आर्थिक रूप से व्यवहारिक बनाकर आमजन को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना के तहत प्रदेश स्तर पर एक मुख्य कंपनी बनाई गई है। इसके अंतर्गत सात रीजनल (क्षेत्रीय) कंपनियां कार्य करेंगी।

ये कंपनियां अपने-अपने क्षेत्रों में बस परिवहन सेवाओं का संचालन करेंगी। बस संचालन के लिए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल अपनाया जाएगा। यानी बसें निजी ऑपरेटर उपलब्ध कराएंगे, जबकि रूट तय करना, किराया निर्धारण, समय-सारणी, यात्री सुविधाएं और निगरानी का जिम्मा संबंधित कंपनियों के पास रहेगा।

# सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन को मिलेगा 'जल सुरक्षा कवच'

## 1133 करोड़ रुपए लागत वाली हरियाखेड़ी परियोजना का सीएम ने किया भूमिपूजन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को रफ्तार देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को हरियाखेड़ी ग्राम में 1133.67 करोड़ रुपए की लागत वाली हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का वेद मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन किया। इस योजना का मकसद सिर्फ सिंहस्थ के दौरान पानी की निर्बाध आपूर्ति करना नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में उज्जैन की बढ़ती आबादी की जरूरतों को भी पूरा करना है।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन की पहचान आस्था की नगरी के रूप में है, ऐसे में यहां जल व्यवस्था मजबूत और आधुनिक होना जरूरी है। परियोजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के साथ पुरानी जर्जर एसीपी पाइपलाइन को बदला जाएगा, जिससे पानी की बर्बादी कम होगी और हर घर तक शुद्ध जल पहुंचेगा।

250 एमएलडी क्षमता के बनेंगे नए जल शोधन संयंत्र - परियोजना के तहत हरियाखेड़ी और गंभीर पर दो नए इंटेक वेल बनाए जाएंगे। जिसमें अंबोदिया (70 एमएलडी), गौघाट (80 एमएलडी) और हरियाखेड़ी (100 एमएलडी) में तीन नए जल शोधन संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इनकी कुल क्षमता 250 एमएलडी होगी। इसके साथ ही मौजूदा सात जल शोधन संयंत्रों (151 एमएलडी) को भी मजबूत और उन्नत किया जाएगा।

708 किमी पाइपलाइन और 17 ओवरहेड टैंक - शहर में 708 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाली जाएगी, जिसमें से 534 किमी नया वितरण नेटवर्क होगा। लगभग 136 किमी क्लियर वॉटर पाइपलाइन (150 से 800 मिमी व्यास) और 39.75 किमी रॉ वॉटर पाइपलाइन (900 से 1300 मिमी व्यास) का निर्माण किया जाएगा। 600 से 3000 किलोलीटर क्षमता के 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे। इसके साथ 49,087 नए घरेलू जल कनेक्शन दिए जाएंगे।

सिंहस्थ और भविष्य की जरूरतों पर फोकस - सिंहस्थ 2028 के दौरान शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख और मेला क्षेत्र की अस्थायी आबादी 21.83 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। दिव्य-राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में 2.28 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

परियोजना में उज्जैन के आसपास के 20 गांवों को भी शामिल किया गया है, जो नगरीय विस्तार क्षेत्र में आते हैं। यह योजना वर्ष 2055 तक शहर की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना एक नजर में

कुल लागत - 1133.67 करोड़
समय सीमा = 24 माह
कुल नई क्षमता = 250 एमएलडी
-नए इंटेक वेल= 2
-नए जल शोधन संयंत्र= 3
-नए ओवरहेड टैंक= 17
-पाइपलाइन=708 किमी
-नए घरेलू कनेक्शन= 49,087
-क्षमता= 2055 तक की जल जरूरतें पूरी होंगी

# कार में छुपा कर लाया था अंग्रेजी शराब की बोतलें



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल के आसपास रात में सर्चिंग कर रही पुलिस ने कार को रोका और तलाशी ली तो उसमें से हजारों रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद हो गई। चालक को हिरासत में लेकर शराब के संबंध में जानकारी जुटा जा रही है।

बुधवार को दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री द्वारा वन मेले का शुभारंभ किया जाना था उससे पहले रात में माधव नगर थाना पुलिस दशहरा मैदान कार्यक्रम स्थल के आसपास सर्चिंग कर रही थी। रात 3=30 के लगभग दूसरे मैदान के सभी साथी पॉइंट के पास कर क्रमांक एमपी 13 सीडी 7848 दिखाई दी जिसे एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने रोका और चालक से पूछताछ की तो वह घबरा गया शंका होने पर कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखी अंग्रेजी शराब की 36 बोतल मिली। चालक को हिरासत में लिया गया और शराब के साथ कार जप्त कर थाने लाया गया। शराब की कीमत 47.400 रुपए है। चालक का नाम रोहित पिता सत्यनारायण सोलंकी निवासी खंडेलवाल कम्पाउंड, थाना चिमनगंज मंडी सामने आया। इसके खिलाफ अवैध शराब परिवहन का मामला आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया ।

## मार्च पास्ट, राष्ट्रगान तथा खेल भावना की शपथ के साथ शुरू हुआ खेल उत्सव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री घनेंद्र चौधरी के नेतृत्व एवं संयोजन में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात मार्च पास्ट, राष्ट्रगान तथा खेल भावना की शपथ के उपरांत मुख्य अतिथि उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच. एल. अनिजवाल द्वारा खेल प्रतियोगिताओं की औपचारिक उद्घोषणा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. अनिजवाल ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल भावना और मैदान पर निरंतर अभ्यास ही वास्तविक विजय का मार्ग प्रशस्त करते हैं। शासकीय महाविद्यालय उन्हेल के क्रीड़ा अधिकारी श्री आर. के. कौरव ने गुजरा हुआ जमाना आता नहीं दोबारा गीत की पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित करते हुए छात्र जीवन के प्रत्येक अवसर का भरपूर लाभ उठाने का संदेश दिया। शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की क्रीड़ा अधिकारी सुश्री संगीता कार्लेकर ने कहा कि वार्षिक खेल उत्सव छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मबल का विकास करते हैं। उन्होंने प्रेरणादायी पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकृ धूप में निकलो, घटाओं में नहाकर देखो, ज़िंदगी क्या है, किताबों को हटाकर देखो। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत दौड़, बैडमिंटन, रस्साकशी, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, गोला फेंक, कबड्डी, पिट्ठू तथा पुशअप सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।